CMYK

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 15°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 7 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 49 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 17 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरी: एडमिरल त्रिपाठी पेज 2



विश्वकप फाइनल में खेलना, मेरे बेहतरीन पलों में एक: संजू सैमसन खेल टाइम्स



न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध सम्पादकीय



लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार: आईआरजीसी पेज 12

**17वां रोज़ा**

## आखिरत की फिक्र और अल्लाह का जिक्र है रोज़ा



मगफिरत के अशरे के आईने में देखें तो सत्रहवां रोज़ा आखिरत की फिक्र है, अल्लाह का ज़िक्र है। इस बात को इस तरह समझना होगा-किसी भी शख्स के सामने मोटे तौर पर दो ही तरह से फिक्र होती है, दुनियावी और दीनी। दुनियादारी के दलदल से निकलकर दीनदारी के जरिये ही दरअसल आखिरत की फिक्र है। आखिरत की फिक्र असल में मगफिरत की फिक्र है, रोज़ा जिसका रूहानी रास्ता है। सत्रहवां रोज़ा चूंकि रमज़ान माह के मगफिरत के अशरे का हिस्सा है, इसलिए आखिरत की फिक्र के साथ-साथ मगफिरत की मंजिल पर पहुंचने के लिए अल्लाह के ज़िक्र में रोज़ेदार को मशगूल रखने का सिलसिला भी है।




## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप सिद्ध होने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उन्हें भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी की रिपोर्ट, अभिलेखीय साक्ष्य, संबंधित अधिकारी के स्पष्टीकरण और लोक सेवा आयोग की सहमति के बाद यह कठोर कार्रवाई की गई। पांडेय पर लगाए गए 15 आरोपों में से 14 आरोप जांच में सिद्ध पाए गए। जांच में सामने आया कि उन्होंने वित्तीय अनियमितताएं, कदाचार, तथ्यों को छिपाने, न्यायिक आदेशों की अनदेखी और नियमों के विरुद्ध आदेश पारित कर अनुचित लाभ पहुंचाने जैसे गंभीर कृत्य किए। इसे उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1956 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। आरोप है कि एक मदरसे में पहले से सेवा समाप्त किए जा चुके व्यक्ति के लिए बिना वैध पुनर्नियुक्ति आदेश के वित्तीय अनुमोदन बहाल कर वेतन भुगतान का आदेश दिया गया।

# UPSC 2025 का अंतिम परिणाम घोषित

## अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर, दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. व तीसरा स्थान अकांश ढुल ने हासिल किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं शामिल हैं।

यूपीएससी के अनुसार सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए 9,37,876 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। इसके बाद अगस्त 2025 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए 14,161 उम्मीदवारों ने योग्यता प्राप्त की। मुख्य परीक्षा के बाद 2,736 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया था। अंतिम परिणाम के आधार पर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है। इस वर्ष की परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



अनुज अग्निहोत्री



राजेश्वरी सुवे एम.



अकांश ढुल

■ विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई

## शामली की आस्था जैन ने हासिल की नौवीं रैंक



**शामली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणामों ने शामली जनपद का नाम रोशन किया है।

शहर की होनहार बेटी आस्था जैन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया नौवीं रैंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। आस्था की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। आस्था जैन का बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में एक उज्ज्वल भविष्य रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का लोहा मनवाया था। आस्था जैन ने अपनी यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने स्वयं अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

## सिर्फ व्हाट्सएप चैट से तलाक नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना सबूत सिर्फ व्हाट्सएप चैट के आधार पर तलाक का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की बेंच ने महिला की फैमिली कोर्ट अपील पर सुनवाई में यह बात कही। बेंच ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 की धारा 13(1)(आई-ए) के तहत क्रूरता के आरोप कानूनी तौर पर मंजूर सबूतों से साबित होने चाहिए, जिस सामग्री पर भरोसा किया गया, विरोधी पक्ष को उसका खंडन करने का मौका मिलना चाहिए। महिला ने फैमिली कोर्ट के 27 मई 2025 के एकतरफा फैसले और आदेश को चुनौती दी थी।

# ईरान का अमेरिका की 'आंख' पर हमला

## लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत का 5000 किमी रेंज वाला वॉर्निंग सिस्टम किया तबाह

दोहा, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसा हमला किया है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने कतर में स्थित अमेरिका के एक प्रमुख मिसाइल वार्निंग रडार सिस्टम को निशाना बनाया है, जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर बताई जा रही है।

इस हमले को अमेरिका के लिए बड़ा नुकसान करार दिया जा रहा है। यह खबर ऐसे वक्त पर सामने आई है, जब अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी पोत को डूबो दिया, जिसमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्म्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले ने कतर में तैनात अमेरिकी सेना की मिसाइल चेतावनी प्रणाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस प्रणाली को क्षेत्र में अमेरिका की आंख के रूप में देखा जाता था और यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत वाला यह रडार सिस्टम, संभावित मिसाइल हमलों का समय रहते पता लगाने की अमेरिका की क्षमता को कमजोर कर सकता है। अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए नुकसान की पुष्टि की है। प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी इन तस्वीरों में अमेरिकी स्पेस फोर्स के एएन/एफपीएस-132 (ब्लॉक 5) बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम के आसपास क्षति और आग बुझाने की गतिविधियां दिखाई दी हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा मिसाइल चेतावनी रडार माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला संभवत: कम लागत वाले हमलावर ड्रोन, शायद शाहेद जैसे से किया गया होगा। मिसाइलों और ड्रोन के एक साथ बड़े हमले के दौरान, यह ड्रोन रक्षा तंत्र को भेदने में सफल रहा। यह रडार सिस्टम अमेरिकी रक्षा कंपनी रेथियान द्वारा अपग्रेडेड अर्ली वार्निंग रडार (यूईडब्ल्यूआर) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया था। इसकी 5000 किलोमीटर तक की दूरी पर बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को ट्रैक करने की क्षमता इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में मिसाइल लॉन्च का शुरुआती अलर्ट देने में यह प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कतर में इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण, यह ईरान, इराक, सीरिया, तुर्किये, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और हिंद महासागर तक की निगरानी कर सकता था।



■ कम लागत वाले शाहेद ड्रोन से उड़ाया
■ सैटेलाइट तस्वीरों से पुष्टि व हमले के तरीके का खुलासा

## जंग से इजरायल को हर हफ्ते अरबों डॉलर का नुकसान

**यरूशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण इजरायल की अर्थव्यवस्था को हर सप्ताह भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इजरायल के वित्त मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण देश की अर्थव्यवस्था को हर हफ्ते लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब 3 अरब डॉलर) का नुकसान हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड के प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को पत्र लिखकर आर्थिक गतिविधियों पर लगे कड़े प्रतिबंधों में ढील देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह बंद रखना बेहद महंगा साबित हो रहा है। पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों और युद्ध के असर के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पहले ही भारी बोझ पड़ा है। ऐसे में अब ऐसा समाधान तलाशना जरूरी है, जिससे सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों दोनों का संतुलन बना रहे। दरअसल, पिछले सप्ताह शनिवार को इजरायल व अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमले के बाद इजरायली रक्षा बलों के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश में सख्त दिशानिर्देश लागू कर दिए थे। इसके तहत सभी तरह की सार्वजनिक सभाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और गैर-जरूरी कार्यस्थलों को बंद करने का आदेश दिया गया था।

## ईरान ने 22वीं बार इजरायल पर दागीं मिसाइलें

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का शुक्रवार को सातवां दिन था। ईरान ने इजरायल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजरायल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं। दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान ने गुरुवार रात को इजरायल के खिलाफ कलस्टर बमों का इस्तेमाल किया है।

■ कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी हमला, सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया

# अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीद में दी अस्थायी छूट

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने विशेष रूप से भारत के लिए अपने प्रतिबंधों में ढील देते हुए उसे 30 दिन तक रूस से कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने की छूट दी है, हालांकि यह छूट समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही है।

अमेरिका ने किसी भी देश के रूस से कच्चा तेल और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने पर एकतरफा प्रतिबंध लगाया हुआ है। उसका कहना था कि रूस कच्चे तेल की बिक्री से प्राप्त पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के वित्त पोषण के लिए कर रहा है। यहां तक कि रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने के लिए उसने अगस्त 2025 में भारत पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क भी लगाया था, जिसे इस साल फरवरी के पहले सप्ताह में हटा लिया गया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, हालांकि भारत सरकार ने अमेरिका के इस दावे को कभी स्वीकार नहीं किया और कहा कि भारत अपने हितों के अनुरूप तेल की खरीद जारी रखेगा। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत को 30 दिन के लिए विशेष छूट देने की घोषणा की और कहा कि इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की आपूर्ति बाधित करने के ईरान के प्रयासों को विफल करना है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वित्त विभाग ने भारतीय तेल रिफाइनरियों को 30 दिन के लिए (4 अप्रैल तक) रूस से कच्चा तेल खरीदने की छूट दे रहा है। उन्होंने लिखा कि सोझ-समझकर दी गई इस कुछ दिन की छूट से रूस की सरकार को बहुत ज्यादा वित्तीय लाभ नहीं होगा, क्योंकि यह सिर्फ समुद्र में फंसे (तेल वाहक जहाजों में लदे) तेल की खरीद के लिए है।



■ प्रतिबंधों में ढील 30 दिन तक समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही सीमित

# कर्नाटक में बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर लगेगा बैन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे, ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (डीपीडीपी) और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नवम्बर 2024 में 'ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट बिल' पास किया था। इस कानून का मकसद बच्चों को ऑनलाइन हानिकारक कंटेंट और साइबर जोखिमों से बचाना है। इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों को ज्पाज्वा, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, यूट्यूब जैसी बड़ी सोशल मीडिया साइटों से दूर रखने का प्रावधान है। इन प्लेटफॉर्म्स को नाबालिगों के अकाउंट हटाने और उम्र की सख्त जांच (एज वेरिफिकेशन) करने की जिम्मेदारी दी गई है, हालांकि इस कानून को लेकर वहां अभिव्यक्ति की आजादी और डिजिटल अधिकारों पर बहस भी चल रही है।




■ ऐसा निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य, पैरेंट्स की परमिशन जरूरी, आंध्र में भी तैयारी

## सुखोई विमान दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई है। वायुसेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार सुबह विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर की मौत हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि वायुसेना दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करती है। दुर्घटना जोरहाट से 60 किमी दूर हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद से वायुसेना की ओर से व्यापक बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले वायुसेना ने बताया था कि एक सुखोई विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। प्रवक्ता ने कहा था कि एक सुखोई लड़ाकू विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने की सूचना मिली है। इस विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी और इससे गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर अंतिम बार संपर्क हुआ था।

■ स्क्वाड्रन लीडर अनुज व फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर हुए हादसे का शिकार

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के कुछ हिस्सों में सख्त प्रतिबंध लागू

**श्रीनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की सामूहिक नमाज के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर कश्मीर घाटी के बड़े हिस्से में कड़ी सुरक्षा पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। श्रीनगर के कई संवे. दनशील इलाकों, विशेषकर लाल चौक के आसपास और कई शिया बहुल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था जारी है। लाल चौक की ओर जाने वाली सड़क पर कांटेदार तार लगाकर उसे सील कर दिया गया, जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों की आवा. जाही बाधित हुई है। प्रतिबंधों को लागू करने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आज किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। श्रीनगर के मुख्य इलाकों में भी सख्त पाबंदियां लागू हैं।

### पूर्व बीजेपी विधायक ने मुसलमानों को बताया राक्षस

**सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थ नगर जिले के डुमरियागंज के पूर्व प्रदेश प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी और पूर्व बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शाहपुर स्थित हिंदू भवन में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान उन्होंने एक बार फिर अपनी मर्यादा को तोड़ते हुए मुस्लिम समुदाय पर तीखा हमला बोलते हुए खुले मंच से मुसलमानों पर निशाना साधा। बीजेपी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मुसलमानों की तुलना राक्षसों से कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि राक्षसों का वध करने के लिए संकल्प करिए और जब राक्षस नहीं रहेंगे, तो सनातन सुरक्षित रहेगा।

## किसानों की सुरक्षा और कृषि को मजबूत करने के लिए हैं सरकार की नीतियां

# दस करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि मिली

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ वेबिनार में बोले पीएम मोदी- सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया के बाजार में मजबूती से खड़ा करना चाहती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट से कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में प्रगति को बल मिला है और सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों से किसानों के लिए जोखिम कम हुए है, जिससे बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया भर के बाजार में मजबूती से खड़ा होने के लिए तैयार करना चाहती है। प्रधानमंत्री बजट के बाद परंपरागत वार्षिक वेबिनारों की श्रृंखला में आज तीसरे वेबिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दिन भर के आज का विषय था- 'कृषि और ग्रामीण बदलाव'। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा केंद्रीय बजट में घोषित पहलों को ज़मीन पर ठोस नतीजों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कृषि कार्यक्रमों को असरदार तरीके से लागू करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच मज़बूत सहयोग की भी अपील की। संविधान के तहत कृषि अभी भी राज्य का विषय है। उन्होंने राज्यों से जिला स्तर पर बजट नियमों को मज़बूत करने और केंद्रीय पहलों का ज्यादा से ज्यादा असर डालने के लिए पॉलिसी को एक जैसा करने की अपील की। मोदी ने उद्यमियों और निवेशकों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एग्री-फिनटेक (किसानों को आनलाइन प्रौद्योगिकी आधारित कर्ज प्लेटफार्मों), भंडारण सुविधा और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में उभर रहे मौकों की तलाशने के लिए आगे आने का आह्वान किया। श्री मोदी ने किसानों की बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने, उनकी फसलों का उचित लाभदायक मूल्य दिलाने और कृषि में जोखिमों को कम करने तथा संस्थागत कर्ज की सुविधा बढ़ने की दिशा में अपनी सरकार के कुछ प्रमुख कामों को गिनाया।

उन्होंने कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान निधि मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है।

### मोदी की नीतियों के कारण कमजोर हुई विदेश नीति: खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अमेरिकी दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत ने अपने फैसले हमेशा खुद लिए हैं, लेकिन इधर जिस तरह से अमेरिका के इशारों पर काम हो रहा है उससे लगता है कि हम अपनी कूटनीतिक की गौरवशाली परंपरा को खो रहे हैं।रूस से तेल खरीदने की 'अनुमति' देने की अमे. रिकी घोषणा, जो कि '30 दिनों की छूट' है, स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मोदी सरकार लगातार कूटनीतिक स्वतंत्रता खो रही है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान सबसे पहले पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा मोदी के मित्र ट्रम्प ने की, हमने नहीं। अब, अमेरिका ने भारत को 'अस्थाई 30 दिन की छूट' दी है और भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की 'अनुमति' दे दी है। व्यापार से लेकर तेल तक, आंकड़ों से लेकर मित्र देशों के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों तक, मोदी जी ने सब कुछ त्याग दिया।

## विस चुनाव: मिशन 2027 की तैयारी में जुटे सीएम योगी

**कानपुर।**



■ कानपुर में सीएम का आरएसएस संग महामंथन पूरा

शहर के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में हुई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की समन्वयक बैठक में शुक्रवार को सीएम योगी पहुंचे। इसमें आरएसएस के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों के पदाधिका. रियों भी सम्मिलित हुए। दोपहर 1.10 बजे यह बैठक खत्म हो गई।

बता दें कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव व शहर के विकास को लेकर सीएम योगी की यह कानपुर की बैठक अहम मानी जा रही है। चर्चा है कि बैठक में आगामी चुनावी रणनीति को लेकर अहम चर्चा की गई है, इसमें संघ के भी सभी बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। यहां जैसे ही बैठक शुरू हुई, तो आरएसएस के विभिन्न अनुसां. गिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई, अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगा है। ये भी कहा कि सूबे में शंकराचार्य मामले को लेकर चिंतन करना होगा। इसी तरह पुलिस और प्रशासनिक कार्यशैली को और सुदृढ़ बढ़ाने, जनता से अफसरों का संवाद बेहतर करने की बात भी पदाधिक. ारियों ने सीएम के समक्ष रखी। बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कड़ा प्रहार करने को लेकर भी बात कही गई। पदाधिकारी बोले-सरकार की ओर से यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए बहुत अच्छा काम किया जा रहा है। इसी तरह साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि वह एकजुट हैं और लोगों तक सरकार की योजनाओं व गति. विधियों की जानकारी पहुंचाएंगे। संघ और सरकार में किसी तरह का कोई विरोधाभास न रहे, इसके लिए सभी अपने स्तर से प्रयासरत हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया क बैठक में सीएम ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना, साथ ही कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में हर जिले की प्रगति को लेकर बात की और जिम्मेदार पदा. धिकारियों ने सीएम को पूरा फीडबैक दिया।

## पीडीए दिवस के जवाब में बसपा करेगी शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 15 मार्च को लखनऊ में होगी बड़ी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती को समाजवादी पार्टी की तरफ से 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा का जवाब देने की तैयारी बसपा ने कर ली है।

कांशीराम की 92वीं जयंती पर 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित जनसभा को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की तरफ से सम्बोधित करने की संभावना है। हालांकि अभी इसकी औपचारिक पुष्टि पार्टी की तरफ से नहीं की गई है। 15 मार्च को लखनऊ के मान्यवर कांशीराम स्मृति स्थल पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के लिए पार्टी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 'लखनऊ चलो' का आह्वान किया है। कार्यक्रम में प्रदेश के करीब 12 मंडलों से कार्यकर्ताओं और समर्थकों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा नोएडा में भी एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें छह मंडलों के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

वहीं पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद उसी दिन राजस्थान के भरतपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। बसपा के लगातार हाशिए पर जाने और पार्टी के पुराने नेताओ द्वारा दूसरे दलों में चले जाने की वजह से प्रदेश में दलित वोटों पर एकाधिकार को लेकर भाजपा व सपा लगातार प्रयासरत हैं।

## ट्रंप के आगे मोदी नतमस्तक: केजरीवाल

### पीएम देशवासियों के सामने चुप्पी का जवाब दें

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने अमे. रिका के वित्त मंत्री की ओर से भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की इजाजत देने के बयान पर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए देशवासियों के सामने आकर स्थिति साफ करने की मांग की है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं? भारत का नेतृत्व तो कभी इतना कमजोर नहीं था। प्रधानमंत्री, आप भारत और भारतीय लोगों के हितों के लिए इस्तीफा दे दीजिए। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इघघ्त की घ्रूरत क्यों है? पिछले कुछ महीनों में देशवासियों ने बहुत पीड़ा के साथ देखा है कि किस तरह एक के बाद एक, हर कदम पर आप ट्रम्प के सामने झुक गए और आपकी उसके सामने बोलने तक की हिम्मत नहीं हुई। मोदी आखिर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं। केजरीवाल ने कहा कि भारत हघरों वर्ष पुराना देश है। भारत 140 करोड़ लोगों का एक महान देश है। भारत ने एक से बढ़कर एक वीर योद्धा पैदा किए हैं।

आज तक भारत ने किसी भी देश के सामने इस तरह सिर नहीं झुकाया। आज तक भारतीय इतिहास में कभी भी भारत का नेतृत्व इतना कमजोर नहीं रहा। अगर आपकी वाकई कोई ऐसी मजबूरी है, जिसका घयदा ट्रम्प उठा रहा है, तो भारत और भारतीय हितों की खातिर, कृपया इस्तीफा दे दीजिए, पर ऐसे भारत मां का सिर मत झुकाइए। सभी देशवा. सियों को बेहद पीड़ा हो रही है। वरिष्ठ नेता व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि अमेरिका के वित्त मंत्री का ट्वीट पढ़कर, एक भारतीय होने के नाते खून खौल रहा है।

### नीतीश को कर दिया किनारे: कांग्रेस

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीजेपी पर नीतीश कुमार की राजनीति खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव में भी काफी दबाब के बाद नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री की घोषणा हुई थी, लेकिन अब बीजेपी ने उनकी राजनीति खत्म कर उनको किनारे कर दिया है। अजय राय लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने हालिया तेल संकट पर अमेरिका द्वारा रूस से 30 दिन खरीद की छूट देने पर भी बीजेपी पर तंज कसा और विदेश नीति पर सवाल उठाए। अजय राय ने कहा कि हमें रशिया से परमिशन लेकर तेल लेना पड़ रहा है, ये शर्मिंदगी का विषय है। नीतीश कुमार मामले में बयान देते हुए कहा कि देखिए बिहार के विधानसभा चुनावों में ही तय हो गया था कि नीतीश कुमार को ये पूरी तरीके से किनारे करेंगे और उनको उनकी राजनीति पूरी तरीके से खतम करेंगे। ये तय हो गया था, क्योंकि उनको मुख्यमंत्री की घोषणा कर नहीं रहे थे, काफी जन दबाव के बाद उनके नाम की घोषणा की गई, जिससे प्रतीत होता है कि नीतीश कुमार को भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तरीके से निपटा दिया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का

**मुंबई, पीएम**



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,097 अंक (1.37 प्रतिशत) टूटकर 10 महीने से ज्यादा के निचले स्तर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया, जो इसका छह महीने से अधिक का निचला स्तर है। लगातार पांच कारोबारी दिवस में यह शेयर बाजार में चौथी बड़ी गिरावट है। गुरुवार को बाजार में तेजी रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों पर आज दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में भी 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार में उथल-पुथल को नापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 11 से ऊपर रहा जो दिखता है कि बाजार में अनिश्चितता बढ़ी हुई है। आईटी और रसायन को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में दो प्रतिशत से ज्यादा गिरावट रही। ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सवा तीन फीसदी से अधिक टूटे। एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी और इंडिगो के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच टूटे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दामों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,177 रुपए घटकर 1,59,409 पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 1,60,586 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 3 दिन में 8,000 सस्ता हुआ है। वहीं एक किलो चांदी 902 रुपए गिरकर 2,63,210 पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,64,212 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना-चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं। ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

## दिल्ली हवाई अड्डा एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त: डायल

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सिगापुर के चांगी और दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में एविएशन एनालिटिक्स फर्म (ओएजी) के हवाले से बताया कि जाने वाले विमानों में साल 2025 में 4.62 करोड़ सीटों की उपलब्धता के साथ दिल्ली हवाई अड्डा पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। साल 2019 में यह नौवें स्थान पर था।

इसमें 3.28 करोड़ घरेलू सीटें शामिल हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जैपुरियार ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शीर्ष पांच सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में दिल्ली एयरपोर्ट का उभरना देश के विमानन क्षेत्र की विकास यात्रा की मजबूती और हमारी दीर्घकालिक हब विकास रणनीति की सफलता को दर्शाता है।

दिल्ली भारत का प्रमुख प्रवेश द्वार और एशिया तथा यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क केंद्र बनता जा रहा है। हम देश में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग और दिल्ली को वैश्विक विमानन केंद्र बनाने की दिशा में क्षमता, संपर्क और यात्री अनुभव को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ओएजी हवाई अड्डों की रैंकिंग वहां से रवाना होने वाले विमानों में उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर की जाती है। दिल्ली हवाई अड्डे ने इस मामले में थाईलैंड के सुवर्णभूमि हवाई अड्डा, सिगापुर के चांगी हवाई अड्डा और दक्षिण कोरिया के इंचियोन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को पीछे छोड़ दिया है। इस मामले में शीर्ष पांच हवाई अड्डों में टोक्यो इंटरनेशनल एयरपोर्ट (हनैदा), शंघाई पुडोंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट, ग्वांगझोउ बाययुन इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट और दिल्ली एयरपोर्ट शामिल हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## केरल में होगा निष्पक्ष विधानसभा चुनाव : ईसी

**नई दिल्ली/कोच्चि।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कोच्चि में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर केरल विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने का भरोसा दिया। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकांश राजनीतिक दलों ने केरल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह पारदर्शी तरीके से किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**यूपीएससी...** चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा उत्तीर्ण की। अग्निहोत्री ने एम्स, जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। आयोग के अनुसार दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. रहीं जिन्होंने अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना। तीसरा स्थान अकांश ढुल को मिला, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से बी-कॉम स्नातक हैं और उन्होंने वाणिज्य एवं लेखांकन को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला रहे, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है और अर्थशास्त्र को ही वैकल्पिक विषय चुना। पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली से बीए एलएलबी (ऑनर्स) किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष पांच सफल उम्मीदवारों में एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एनएलयू, एम्स, डीटीयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, कानून, चिकित्सा विज्ञान और जनसंचार जैसे विषयों में स्नातक स्तर की रही है। इन उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा में मानव विज्ञान, वाणिज्य एवं लेखांकन, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, विद्युत अभियांत्रिकी, इतिहास, गणित, चिकित्सा विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और समाजशास्त्र जैसे विषयों को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना।

## आत्मनिर्भरता ही हर स्थिति से निपटने का मूलमंत्र: राजनाथ

**नई दिल्ली, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में आत्मनिर्भरता ही प्रासंगिक और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का एकमात्र मार्ग है। सिंह ने शुक्रवार को कोलकाता में रक्षा एवं समुद्री संवाद 'सागर संकल्प- भारत का समुद्री गौरव' का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है, इसीलिए हमारी सरकार का शुरू से यह मानना रहा है कि इस अनिश्चितता के दौर में आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से बचने का एक मात्र उपाय है 'आत्मनिर्भरता' और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हमारी आत्मनिर्भरता के विजन की एक प्रमुख धुरी है।

इस कार्यक्रम का आयोजन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी से बदल रही हैं। हमें इन अनिश्चितताओं को समझने की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति इसका प्रमुख उदाहरण है। वहां जो कुछ हो रहा है, वह असामान्य है। पश्चिम एशिया या हमारे पड़ोस में भविष्य की घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना कठिन है। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य या समूचा फ़ारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती दिखाई दे रही है। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। वैश्विक परिदृश्य एक असामान्य स्थिति में है और इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि यह असामान्यता अब नई सामान्य स्थिति बनती जा रही है। सिंह ने रक्षा उत्पादन को गुणात्मक और मात्रात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक और नीतिगत सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, प्रदर्शन मानक और अनुसंधान एवं विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम सरकार की आत्मनिर्भरता की दृष्टि के प्रमुख स्तंभ हैं। जहाज निर्माण क्षेत्र में जीआरएसई और अन्य शिपयार्डों को विशेष महत्व दिया गया है, ताकि घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और भविष्य उन्मुख बनाया जा सके।

### लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरी: एडमिरल त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने आधुनिक दौर के युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक तैयारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। एडमिरल त्रिपाठी ने शुक्रवार को यहां रायसीना डॉयलाग के दौरान 'फॉर्जर्स ऑफ पीस: ऑर्डनेंस फैक्ट्रीज़ फॉर द लिबरल ऑर्डर' विषय पर आयोजित सत्र में बोलते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखांकित किया है। हाल के सैन्य संघर्षों से मिले सबक के बारे में पूछे गए सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मैं भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



17वां रोज़ा इफ्तार

07 मार्च शनिवार

सुन्नी...................... 06:24

शिया...................... 06:37

18वां रोज़ा सहरी

08 मार्च रविवार

सुन्नी...................... 05:13

शिया...................... 04:18



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल

# अज्ञात वाहन ने प्रचूनियां को कुचला, मौत

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की गई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हाईटेंशन के करंट की चपेट में आए किसान का बेटा जिन्दगी और मौत के बीच जुझ रहा है। पहली घटना कोतवाली क्षेत्र की चौकी रोहाना के निकट की है जहां अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार प्रचूनियां को बुरी तरह कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना नई मंडी की है जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की जान चली गई। बेपहच. ान होने के कारण पुलिस अभी तक मृतक की शिनाख्त कराने में सफल नहीं हो सकी। तीसरी घटना चरथावल के गांव नंगला रेई की है देर रात खेतों में ट्रॉली में पत्ती भर रहे किसान के बेटे को अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन के तार ने जकड लिया जिससे बारह घंटे बाद भी उसकी हालत में कोई सुधार नही हुआ।

नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव बामनहेडी निवासी 30 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र सतीश प्रचुन की दुकान चलाता है। शुक्रवार को वह स्कूटी द्वारा अपने गांव से दुकान का सामान लेने के लिए रामपुर तिराहे की ओर जा रहा था। अचानक रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसको कुचल डाला। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया और अनिल कुमार खून से लथपथ अवस्था में काफी देर सड़क परही पड़ा रहा। कुछ देर बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इस समय तक अनिल कुमार की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने नाम पता ज्ञात कर इसकी जानक. ारी परिवार वालों को दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया और दुर्घटना करने वाले वाहन तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया, लेकिन दुर्घटना करने वाला वाहन अभी तक नहीं मिला। मृतक का सिर बुरी तरह कुचला हुआ था। बता दे कि सहारनपुर मार्ग के रोहाना चौकी क्षेत्र पर आए दिन हादसों में लोगों की जान जा रही है। अब तक कई ऐसे मामले सामने आ चुके है जिसमें वाहनों की शिनाख्त नहीं हो सकी।

दूसरी घटना में नई मंडी पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे फाटक से आगे ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई इस समय जहां लोगों की भीड़ इकट्ठा थी और सभी लोग मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रहे थे। जब शिनाख्त नहीं हुई तो पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक किसी अच्छे परिवार का व्यक्ति है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी।



मृतक अनिल का फाइल फोटो।

# हाईटेंशन करंट से युवक झुलसा

- **ग्यारह हजार लाइन के नीचे झुके तारों की चपेट में आया किसान का बेटा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र का गांव नंगला रेई निवासी इक्कीस वर्षीय सलीम पुत्र मतलुब अपने पिता के साथ छोटी सी खेती करता है और वह जंगल से पत्तियां खरीदकर कोल्हु व अन्य स्थानों पर बेचने का काम भी करता है। बीती देर रात करीब साढ़े तीन बजे सलीम ट्रेक्टर-ट्रॉली में पत्ती भर रहा था। बताया जाता है कि इस जंगल से हाईटेंशन की लाइन गुजर रही है और उसकी तार नीचे लटके हुए है जब वह ट्रॉली के ऊपर चढ़कर पत्ती लगा रहा था तो उसको अचानक तेज करंट लगा और सलीम का पुरा शरीर जल गया। रात्रि में ही उसको जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। बारह घंटे से अधिक बीतने के बाद भी सलीम की हालत गंभीर है। इस घटना से जहां किसानों में दहशत का माहौल देखा गया वहीं विद्युत विभाग के प्रति रोष भी बना हुआ है।



# मंसूरपुर के गांव खानूपुर में विवाहिता की रहस्मय मौत

## परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिस ने की कार्यवाही शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मंसूरपुर की एक गांव खानुपूर की विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक विवाहिता की हालत रहस्मय खराब हुई थी और मौत के बाद पिता और परिवार के अन्य लोगों ने ससुराल के लोगों पर अतिरिक्त दहेज और दहेज हत्या का आरोप लगाया है। सुना तो यह भी गया है कि बिती रात मौत के बाद परिजनों ` में थाने में हल्का-फुलका हंगामा करते हुए कार्यवाही की मांग भी की है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कस्बा खतौली के गांव खेडी रांगडान निवासी धर्म सिंह पुत्र किशन सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बेटी रानी की शादी 27 जून 2023 को करण पुत्र सत्यपाल से हुई थी। पीड़ित पिता का कहना है कि शादी में उसने हेसियत के अनुसार करीब 6 लाख की नगदी और सोने चांदी के जेवर दिए थे। आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल के लोगों का रवैया उसकी बेटी के प्रति ठीक नहीं था और उसकी बेटी रानी का उत्पीड़न होने लगा। आरोप लगाया कि कई बार विवाहिता के साथ मारपीट कर दहेज की मांग की गई जिसके चलते विवाि. हता पर बाइक और 50 हजार रूपये लाने का दबाव बनाया गया इसके बाद करण पुत्र सत्यपाल, करिश्मा उर्फ डोली पुत्री सत्यपाल, प्रेमो देवी पत्नी सत्यपाल व सत्यपाल तथा अर्जुन उर्फ बंटी पुत्र सत्यपाल ने गाली गालौच और मारपीट की जहां 2 मार्च 2026 को सूचना मिलने के बाद वह अपनी बेटी को घायल अवस्था में मेरठ देखने के लिए गए।

पिता का कहना है कि यहां आने पर उन्हे पता चला कि मेरठ से उसकी बेटी रानी को गंभीर हालत में दिल्ली रैफर कर दिया गया। और दिल्ली में रीना की मौत हो गई। पीड़ित का कहना है कि उसकी बेटी की अतिरिक्त दहेज के लिए मारपीट कर हत्या की गई है। उधर लोगों का कहना है कि जब विवाहिता की मौत हुईतो परिवार के लोगों ने थाने पहुंचकर विरोध करते हुए कार्यवाही की मांग की थी। पुलिसने इस मामले को दर्ज किया है।



मृतका रानी का फाइल फोटो।

# विवाहिता का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता का शव रस्सी के पफंदे पर झूलता हुआ मिला। जहां ससुरालिए इसको आत्महत्या बतला रहे हैं वहीं पीहर के लोगों ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में मोटी रकम नही दिए जाने पर हत्या का खुला आरोप लगाया है। वैसे यह आत्महत्या है या फिर हत्या इस बात की जांच बुढ़ाना पुलिस ने शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव मौहम्मदपुर मार्डन की लगभग 25 साल की रूबी कश्यप का विवाह बीती 14 फरवरी सन् 2023 को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर गांव के निवासी गौरव पुत्र रमेश कश्यप के साथ हुई थी।

रुबी के परिजनों ने उसकी शादी में लगभग सात लाख रूपये खर्च किए थे लेकिन आरोप के मुताबिक शादी के बाद से ही रुबी कश्यप को उसके ससुरालिए अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते चले आ रहे थे। वे अब अतिरिक्त दहेज में काफी दिनों से मोटी रकम की मांग कर रहे थे लेकिन पीहर के लोग उनकी इस मांग को पूरा नहीं कर पा रहे थे। पीहर के लोगों को किसी के माध्यम से बीती 05 मार्च की देर रात लगभग 11 बजे रूबी की मौत की सूचना मिली तो उन्होंने घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पुलिस भी पहुंच गयी और रूबी के शव को ग्रामीणों के माध्यम से रस्सी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को सांत्वना दी। आरोपी ससुरालिए मौके से पफरार मिले। पीहर के लोगों का आरोप था कि पति गौरव, ससुर रमेश, सास बिंदो देवी और ननद कविता ने मिलकर रूबी के साथ मारपीट की। जिसके बाद उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका रूबी कश्यप का लगभग एक साल का बच्चा है। उधर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। यह हत्या है या आत्महत्या इसकी जांच बुढ़ाना पुलिस ने शुरु कर दी थी।



मृतका का फाइल फोटो।

### क्या बोले बुढ़ाना पुलिस क्षेत्राधिकारी

**बुढ़ाना।** सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बीते रात सवा 11 बजे कन्ट्रोल रूम द्वारा बुढ़ाना पुलिस को सूचना मिली की गांव राजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गयी। सूचना पर वे कोतवाल के साथ मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्राथमिक जानकारी में ज्ञात हुआ कि मृतका का विवाह करीब 3 वर्ष पूर्व हुआ था। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में मृतका के शव को कब्जे में कर पंचायतनामा कर पीएम हेतु भेज दिया। मौके पर पफारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। अब इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# व्यापारी से दस लाख की रंगदारी मांगने वाले बदमाशों से मुठभेड़

## बदमाशों का देवता अनिल दुजाना गैंग सदस्य साथी सहित दबोचा, हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने अपने सूचना तंत्र और अन्य यंत्रों की मदद से नगर की एक प्रसिद्ध व्यापारी की हत्या होने से बचा ली है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में पुलिस ने किसी वारदात को अंजाम देने आए अनिल दुजाना गैंग के सदस्य प्रताप चौधरी उर्फ बदमाशों का देवता सहित दो लोगों को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन के कब्जे से हथियार भी बरामद किए है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह नगर के एक व्यापारी से दस लाख की रंगदारी मांग रहे थे और सुपारी न देने पर लगातार हत्या की धमकी मिल रही थी, लेकिन पुलिस ने अपने सूचना तंत्र से इस गिरोह को गिरफ्तार कर हत्या की वारदात होने से बचा ली। सीओ सिटी और सिविल लाइन पुलिस ने आज एक ऐसे शातिर गिरोह को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर सनसनी खैज वारदात होने से बचाई है। पुलिस का कहना है कि विगत दिवस जिला परिषद के एक व्यापारी को धमकी देकर दस लाख रूपये की रंगदारी मांगी गई थी। इस घटना की जानकारी चार मार्च को व्यापारी राजीव जैन पुत्र धर्मचंद्र ने सिविल लाइन पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोबाइल द्वारा कुछ बदमाश धमकी देकर बीस लाख रूपये की रंगदारी मांग रहे है। पुलिस ने तुरंत ही इस मामले को दर्ज किया और अपने सूचना तंत्र को दौड़ाया। सिविल थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने कुछ बदमाशों की बामनहेडी रेलवे स्टेशन के पास उस वक्त घेराबंदी कर ली जब पुलिस को सूचना मिली कि बदमाश यहां पर एक घटना को अंजाम देने के लिए छिपे हुए है। बदमाशों की घेराबंदी के बाद पुलिस पर फायरिंग की गई जहां जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया और उसके दूसरे साथी को भी हिरासत में लिया गया।

बदमाश ने अपना नाम प्रताप चौधरी उर्फ बदमाशों का देवता पुत्र नरेश पाल निवासी हुसैनपुर थाना राम. राज, जबकि उसके साथी की पहचान रवि उर्फ शुटर पुत्र रणवीर सिंह निवासी बाखरपुर थाना बलैनी बागपत के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि प्रताप चौधरी उर्फ बदमाशों का देवता अनिल दुजाना गैंग का सदस्य है और इनके कब्जे से पुलिस ने दो तमंचे और कारतुस होनो बताया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि प्रताप की जेल में मुलाकात अतुल कुमार नामक व्यक्ति से हुई थी। और उसी ने व्यापारी राजीव जैन की हत्या के लिए बीस लाख रूपये की हत्या की सुपारी दी थी, लेकिन सिविल लाइन पुलिस ने एक हत्या की सनसनी खैज घटना होने से पहले ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद व्यापारियों ने पुलिस का आभार जताया कुछ लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते कार्यवाही न करती तो शायद संगीन घटना घट जाती। मुठभेड़ के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा, सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, दरोगा प्रशांत गिरी, सतेन्द्र डिल्ले, पंकज सागर, सिपाही अंकित, मोहित, सुधीर कुमार, ब्रहमदेव, अंकुर मौजूद रहे

### मकान पर धमकी भरा नोट चस्पा

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव उमरी बड़ी में एक विधवा महिला के मकान पर कथित रूप से धमकी भरा नोट चस्पा किए जाने का मामला सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। पीड़ित महिला ने थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव उमरी बड़ी निवासी गुरुदत्त कौर पत्नी स्व. राजेंद्र सिंह अपने मकान का निर्माण कार्य करा रही हैं। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उनसे मकान खाली करने का दबाव बना रहा है।



मुजफ्फरनगर: मुठभेड़ के बाद घटना के संबंध में जानकारी लेते क्षेत्राधिकारी।

# रमजान के तीसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न

- **उलेमाओं ने दी युवा पीढ़ी को नेक रास्तों पर चलने की नसीहत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होली के त्यौहार के बाद शुक्रवार को रमजान के तीसरे जुमे की नमाज शहर से लेकर देहात तक शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। रमजान के जुमे को लेकर पुलिस फोर्स ने कई स्थानों पर फ्लैग मार्च किया और उलेमाओं ने भी जुमे की नमाज में बुराई से बचने का खिताब फरमाया। उलेमाओं ने कहा कि बुराई का मार्ग छोडकर युवा पीढ़ी अच्छे रास्ते पर चले और दूसरों को भी अच्छा रास्ता दिखाए। नमाज के दौरान इबादत के साथ लोगों की सहायता करने की नसीहत भी दी गई।

रमजान के तीसरे जुमे की नमाज पढ़ने के लिए अकीदतमंदों की मस्जिदों में भारी भीड़ रही। नमाज से पहले उलेमाओं ने कहा कि रोजा रखना सभी बालिकों पर फर्ज है और युवा पीढ़ी से कहा कि वह अच्छे रास्ते पर चलकर दूसरों को भी अच्छा संदेश दे।

उलेमाओं ने दीन के साथ दुनियावी तालीम करने की हिदायत भी दी। उन्होने युवा पीढ़ी से मोबाइल और गलत खर्चो से बचने की सलाह भी दी है। उलेमाओं ने कहा कि रमजान के महीने में किसी गरीब का घर भी खाली ना रहे और कोई गरीब भूखे पेट ना रहे।



मुजफ्फरनगर: रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा करते अकीदतमंद।

# नकली व असली तेल की कैसे करें पहचान

## नकली खाद्य पदार्थों से मनुष्य के जीवन पर पड़ रहा है बुरा प्रभाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिक पैसा कमाने के लालच में इंसान इतना बेरहम होता जा रहा है कि पैसे की चमक के आगे वह इंसान के शरीर से खिलवाड करने में जरा भी गरूज नहीं कर रहा है। कुछ लोग नकली खाद्य पदार्थ बेचकर लोगों को सीधे-सीधे मौत के मुंह में धकेल रहे है यह अलग बात है कि नकली सामाग्री खाने से लोग धीरे-धीरे बीमार होकर मौत के नजदीक हो रहे है। पिछले दिनों दूसरों जनपद व दूसरे राज्यों की खाद्य विभाग की टीम ने सरसों के तेल बनाने वाले छोटी फैक्ट्री पर छापा मारकर कई हजार लीटर बनावटी (नकली) सरसों का तेल पकडा था। चर्चा तो यह भी है कि बाजार में कुछ ओर नकली खाद्य पदार्थ सामाग्री बिक रही है ऐसा भी नहीं है कि नकली और बनावटी तेल व अन्य सामान सभी दुकानों पर बिक रहा है, लेकिन टीम के छापे और बरामद नकली सामान से यह स्पष्ट होता है कि नगर में कही ना कही नकली सरसों का तेल बड़े पैमाने पर बिक रहा है। इसमें असली तेल की जगह सस्ते और हानिकारक पदार्थ का मिश्रण किया जाता है ताकि बड़ा मुनाफा हो सके, लेकिन यह तेल या अन्य सामाग्री सेहत के लिए बेहद ही खतरनाक है।

सरसों के तेल में पाम्प ऑयल सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला तेल है। यह गाढ़ा होता है कुछ लोगों का कहना है कि अर्जी मोन ऑयल सत्यानाशी के बीजों का तेल जो दिखने में सरसों के तेल जैसा होता है, लेकिन विषेला होता है सूत्रों का कहना है कि चावल की भुस्सी का तेल भी मिलावट के लिए उपयोगा होता है। सस्ते तेल की बात कहे तो रिफाइंड तेल, सोयाबीन या अन्य कम गुणवत्ता तेल मिनरल ऑयल यह एक तरह का खनीज तेज है जिससे स्वास्थ्या पर बुरा प्रभाव पड़ता है। मिलावटी और नकली तेल से पेट दर्द, उलटी, लीवर और कीडनी को खतरा रहता है इसमें आंखों की रोशनी पर भी प्रभाव पडना बताया जाता है कि ऐसे बनावटी और नकली तेल व अन्य सामाग्री खाने से कैंसर जैसी बीमारी भी जन्म ले लेलेती है। कुछ विशेषज्ञाओं की माने तो अगर असली सरसों के तेल की पहचान करनी है तो इसमें तेल को फ्रीज में रखे अगर सफेद धब्बे या तेल जम जाए तो मानों वो मिलावटी है। रोबिन टेस्ट तेल को हथेली पर तेल रंगडने से अगर रंग छुटे या कैमिकल की गंद आए तो वह समझो नकली तेल है। शुद्ध सरसों के तेल में तेज गंद होती है।

**इस्तेमाल होने वाले कैमिकल:** सरसों का तेल बनाने के लिए सरसों के जैसे पीला रंग देने के लिए हानिकारक डाई/ पिगमेंट का उपयोग होता है। इसमें सरसों जैसे गंद पैदा करने के लिए कैमिकल, फलेवर मिलाया जाता है जैसे की नाइट्रिक एसिड, इससे तेल को गाढ़ा किया जाता है, लेकिन इसमें खतरनाक रसायन का उपयोग होता है।

# बोर्ड में प्रस्ताव पास, फिर भी एमडीए का अड़ंगा

- **डीएम के सामने सभासद ने रखा पालिका पक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सुजडू चुंगी चौक का नाम परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर रखने का प्रस्ताव पालिका बोर्ड बैठक में पास होने बाद भी विकास प्राधिकरण द्वारा अशोक स्तंभ निर्माण कार्य शुरू कराए जाने से मामला उलझता नजर आ रहा है।

शुक्रवार को कुछ सभासद मोहम्मद खालिद के नेतृत्व में शहजाद चीकू, नौशाद खान और सभासद पति हसीब राना ने जिला. धिकारी जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से मुलाकात कर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग उठाई। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापंत में कहा गया कि बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुरूप इस स्थल पर परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद का स्मारक बनाया जाना चाहिए। सुजडू चुंगी चौराहे के नामकरण को लेकर नया पेंच फंसता दिखाई दे रहा है। नगरपालि. का परिषद की बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव के तहत इस चौराहे का नाम परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन इसी स्थान पर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा सौंदर्यकरण के तहत अशोक स्तंभ का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है, जिसने नये विवाद को जन्म दे दिया है। सभासद मोहम्मद खालिद ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे अशोक स्तंभ के निर्माण कार्य को निरस्त कर उसी स्थान पर परमवीर चक्र विजेता के स्मारक का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि 1965 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत वीरता का परिचय देने वाले शहीद अब्दुल हमीद की स्मृति में यह स्थल अत्यंत गौरवपूर्ण बन सकता है।

### रास्ता रोक कर पति-पत्नी से मारपीट

**मुजफ्फरनगर।** कुछ लोगों ने पती-पत्नी को रास्ते में रोक कर उनके साथी गाली-गलौच और मारपीट कर दी। यह आरोप युवक के ससुर ने थाने में तहरीर देकर लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव जड़ौदा निवासी नरेंद्र कुमार ने मंसूरपुर थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 2 दिन पहले उसकी पुत्री निर्मला और दामाद राजन जड़ौदा आए थे। जब वे वापस अपने गांव शेर नगर जा रहे थे तो रास्ते में गांव के पंकज, विकास और मनीष ने उन्हें रोक लिया और मेरी पुत्री के साथ बदतमीजी करने लगे जब दामाद ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की और जान से मारने के लिए तमंचा निकाल लिया। जब इन्होंने शोर मचाया तो काफी लोग वहां आ गए। भीड़ को देखकर आरोपी भी फरार हो गए। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# संविदा नौकरी का झांसा देकर युवक से 50 हजार की ठगी

## पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** संविदा पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक से 50 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है।

पीड़ित युवक ने रतनपुरी थाने में शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अपनी रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर कला निवासी रवीश कुमार पुत्र अनिल कुमार ने आईजीआरएस के माध्यम से पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि रतनपुरी थाना क्षेत्र के ही गांव रामपुर निवासी गौरव शर्मा उसके घर आया और संविदा पर नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि गौरव शर्मा ने एक युवक की नौकरी लगवाने के लिए 25 हजार रुपये रसीद कटवाने का खर्च बताया। इसके बाद रवीश कुमार ने अपनी और अपने एक दोस्त की नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपी को कुल 50 हजार रुपये दे दिए। पीड़ित के अनुसार उसने 44 हजार रुपये ऑनलाइन और 6 हजार रुपये नकद दिए थे।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी युवक ने जल्द ही दोनों की संविदा पर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं लगवाई। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने रकम लौटाने से इंकार कर दिया और उसे डरा-धमकाकर भगा दिया।

इसके बाद रवीश कुमार ने रतनपुरी पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आईजीआरएस शिकायत के आधार पर आरोपी गौरव शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद पीड़ित युवक के परिजनों में भी चिंता का माहौल बना हुआ है।

## पड़ोसी ने दंपति को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** पड़ोसी युवक ने अकारण ही एक दंपत्ति के साथ मारपीट कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार सुमित पुत्र राजकुमार निवासी गांव बवाना ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती एक मार्च को वह अपने घर के बहार खडा था तो पडोस का रहने वाला सुमित उर्फ गुल्लु पुत्र सुरेश पाल ने उसकी व उसकी पत्नि मोनिका के साथ गाली गलोच मारपीट की। जिसमें उसकी आंख में गम्भीर चोट आयी। जब उसे उसकी पत्नि बचाने लगी तो आरोपी सुमित ने उसको भी नही छोडा और धमकी देकर भाग गया। पीड़ित सुमित ने अपने पड़ोसी सुमित के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में फार्मा अन्वेषण दिवस का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में फार्मा अन्वेषण दिवस का आयोजन दिनांक 6 मार्च 2026 को बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में फार्मेसी के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार तथा वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और उन्हें आधुनिक फार्मास्यूटिकल विज्ञान से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्केच मेकिंग प्रतियोगिता, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, ज्ञान तथा रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उन्होंने बताया कि यह दिवस भारत में फार्मेसी शिक्षा के पितामह माने जाने वाले महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ ने भारत में आधुनिक फार्मेसी शिक्षा की नींव रखी और इस क्षेत्र को संगठित एवं वैज्ञानिक दिशा प्रदान की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मेसी केवल दवाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य और समाज की सेवा से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। आज के समय में नई बीमारियों और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक तकनीकों का उपयोग आवश्यक है।

डॉ. गौतम ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने अध्ययन के साथ-साथ शोध गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। औषधीय पौधों का अध्ययन, नई दवाओं की खोज, आधुनिक ड्रग डिलीवरी सिस्टम तथा फार्मास्यूटिकल तकनीकों के विकास में युवा फार्मासिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और शोध क्षमता को प्रदर्शित करने का एक बेहतर मंच प्रदान करते हैं।कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा वैज्ञानिक पोस्टर प्रस्तुति, फार्मेसी विषय से संबंधित मॉडल प्रदर्शनी तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने औषधीय पौधों, दवा निर्माण प्रक्रिया तथा आधुनिक फार्मास्यूटिकल तकनीकों से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम की मुख्य गतिविधिया भाषण प्रतियोगिता पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता स्केच मेकिंग प्रतियोगिता क्विज ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग आदि रहीद्य जिनमे रंगोली कम्पीटीशन में प्रथम वंशिका, द्वितीय दीपांशी तृतीय में इशिका एव पलक ने स्थान प्राप्त किया, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान अनुराग शर्मा, द्वितीय स्थान इशिका सोनी, तृतीय वंशिका ने प्राप्त किया।

स्केच मेकिंग प्रतियोगिता में, ऐश्वी ने प्रथम स्थान, राधिका ने द्वितीय स्थान, देवांश भेटवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कृष्णा प्रथम स्थान, राधिका, प्रिय द्वितीय स्थान, आशुतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ,निबंध लेखन प्रतियोगिता में आस्था ने प्रथम, ख़ुशी ने द्वितीय स्थान, हार्दिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ,भाषण प्रतियोगिता में शीरीन ने प्रथम स्थान, अंश शर्मा ने द्वितीय, प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य

एव क्विज में 40 से अधिक छात्र विजयी रहेद्य लगभग 320 से अधिक छात्र छात्राओ ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. संदीप कुमार, डॉ. राधेश्याम, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. रामदत्त शर्मा, अवनिका त्यागी, साबिया परवीन, टिंकू कुमार, लोकेश कुमार, ज्योति जैन, अवि दुबे, आरती चोपड़ा, मुस्सयब खान, तरन्नुम फातिमा, शिवम् त्यागी, आर्यावृत, उज्जवल, शैली, शिखा राठी, शुभम, शशिभूषण, भूदेव, रामसिंह, सुशील, विकास कुमार, अरशद, संजय कश्यप, शद्रि सिंह, रोहिणी गुप्ता, प्रतिभा,श्वेता, मोहन कुमार, प्रियंका बंसल, दीपक कुमार, आदि मौजूद रहे।



# भीआ आसपाकां का हुआ भाईचारा सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भसाना गांव में खतौली मोड़ पर स्थित हाजी इकरामुद्दीन के निवास पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के तत्वाधान में तहसीम सैफी के सौजन्य से भाईचारा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष गुलशन कुमार, मुस्लिम भाईचारा के जिलाध्यक्ष सलीम चौधरी, पूर्व जिला प्रभारी विकास अंबेडकर डूंगर राष्ट्रीय महासचिव भारतीय गुरु रविदास विकास मंच, जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा, जिलाध्यक्ष रजत निठारिया, देवेंद्र कुमार जिला उपाध्यक्ष, मीर हसन, सिकंदर, रविकांत, पूर्व विधानसभा सचिव तहसीम सैफी वघ अजहर सेफी की मौजूदगी में तहसीम सैफी को मुस्लिम मोर्चा का बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। यहां लोगों ने समर्थन कर तहसीम सैफी का फूल मालाओं से स्वागत किया और आश्वासन दिया कि सब भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रमुख सांसद चंद्रशेखर आजाद के साथ हैं। वे सभी मिलकर तहसीम सैफी का साथ देकर पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे।

बुढ़ाना क्षेत्र चंद्रशेखर के साथ है। अब तहसीन सैफी को मजबूत करने के लिए संघर्ष करेंगे। विकास अंबेडकर ने कहा कि सब लोग मिलकर इस बार भीम कांशीराम का साथ देंगे तो 2027 में भीम कांशीराम का जिला पंचायत अध्यक्ष बनेगा व यूपी में भीम कांशीराम की सरकार बनेगी तो सबने हाथ उठाकर समर्थन किया और कहा कि हम सब लोग भीम काशीराम और चंद्रशेखर के साथ है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम ज्योति भारद्वाज से बदलकर ज्योति रख लिया है भविष्य में भी मुझे मेरे नए नाम ज्योति से ही जाना व पहचाना जाए।

**ज्योति पत्नी घनश्याम**
**31/1 नवाबगंज पश्चिम**
**ज़िला मुजफ्फरनगर ( उ. प्र. )**

### सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम नाम सम्मन दर्ज है, जबकि खरीद बैनामा दिनांकित 15-10-2012 आलेख संख्या 11830 में मेरा नाम समसीदा है और विद्युत बिल में मेरा नाम समसीदा उर्फ सम्मन है जोकि दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे मेरे इन दोनों नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सम्मन उर्फ समसीदा**
**पत्नी शाहनवाज**
**निवासी 13 खालापार,**
**तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद

में सुरेंद्र पुत्र प्रमाल निवासी ग्राम इटावा, थाना और तहसील बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र पुनित व मेरी पुत्रवधू श्रीमति प्रदीपा पत्नि पुनित मेरे कहने सुनने मे नही हैं। दोनों गलत संगत में उठते बैठते हैं। जिससे में और मेरा परिवार बहुत ही दुखी है। में अब अपने पुत्र पुनित व पुत्रवधु श्रीमति प्रदीपा पत्नि पुनित से अपने परिवारिक रिश्ते समाप्त करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल और अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरे पुत्र पुनित और मेरी पुत्रवधु श्रीमति प्रदीपा पत्नि पुनित द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दीवानी, फौजदारी कृत्य या किसी भी लेन देन की मेरी या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी सुरेंद्र पुत्र प्रमाल**
**निवासी ग्राम इटावा थाना व**
**तहसील बुढ़ाना**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

### सम्बन्ध विच्छेद

मेरा लडका सोनू मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हो गया है और घर में लडाई झगडा रखता है और मनमर्जी करता है। मै व मेरा परिवार सोनू की नाजायज हरकतो से तंग व परेशान आ चुका है इसलिए मैने व मेरे अन्य लडकों व परिजनों ने सोनू से अपने पारिवारिक संबंध खत्म कर उसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब सोनू के किसी भी लेन-देन व वाद विवाद के लिए वह खुद जिम्मेदार है। मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**अमर सिंह पुत्र गंगाराम**
**निवासी ग्राम चौरावाला**
**थाना ककरौली**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

### सूचना

मेरी पुत्री मृदुला का सुकन्या समृद्धि योजना के बैंक अकाउन्ट न. 39839996441 में पुत्री का नाम मृदुला दर्ज है। जबकि अन्य दस्तावेजों में पुत्री का नाम चेतना दर्ज है। जो कि सही है। भविष्य में मेरी पुत्री को चेतना नाम से जाना जाये।

**अभिषेक पुत्र श्री विरेन्द्र कुमार**
**निवासी ग्राम जन्हेडी तहसील**
**जानसठ जिला मुजफ्फरनगर**

# पानी की गुणवत्ता परखने को दिया गया प्रशिक्षण, जल सखी करेंगी कार्य



**मोरना।** शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन मोरना ब्लॉक् कार्यालय पर किया गया जिसमे पंचायती राज विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया व जल बचाओ के प्रयासों को गति दी गयी।

मोरना स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर संदीप कुमार, मास्टर ट्रेनर मधु सैनी ने उपस्थित जल सखियों को पानी बचाने तथा दूषित पानी को साफ करने का प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेलर मधु सैनी ने जानकारी देकर बताया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजन मोरना ब्लॉक् के मीटिंग हॉल मे किया गया जिसमें जीवन को बचाने के लिए पानी को बचाना होगा पानी को बचाने के लिए अनेक उपाय जागरूकता के माध्यम से बताये जा रहे हैं ग्रामीणों को पानी बचाने की आदत डालने तथा वेस्टेज पानी का सदुपयोग करने नियमित पानी की जांच करने वह घटते भूगर्भ जलस्तर को बढ़ाने बारिश के पानी को तालाब अथवा रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के द्वारा संचित करने आदि के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अपराजिता आर्यन, ग्राम विकास अधिकारी जोगेंद्र सिंह, संजीव कुमार, प्रांजल,अशरफ अंसारी,योगेश कुमार,इंदु देशवाल,प्रधान शाहनवाज कमहेड़ा , प्रधान रविंद्र सिंह अथाई सहित ग्राम सखी आदि मौजूद रहे।

## मस्जिद के पास लगाए गए सीसीटीवी कैमरें

**बुढ़ाना।** मौहल्ला काजीवाडा में स्थित जामा मस्जिद के आसपास बुढ़ाना पुलिस ने कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार के दिन अपनी और से सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार जामा मस्जिद का यह क्षेत्र अति संवेदनशील की श्रेणी में आता है। इसिलिए एहतियात के तौर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गये हैं। पुलिस का कहना है कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में बढ़ोतरी होगी और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मदद मिलेगी। बुढ़ाना पुलिस की इस पहल से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। पुलिस का कहना है कि वे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# नवदम्पति को नीचा दिखाने को फैसबुक पर डाली आपत्तिजनक पोस्ट

■ रिपोर्ट दर्ज होते ही नदारद हुआ आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक ने एक नवदम्पत्ति को नीचा दिखाने के उद्देश्य से फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल कर दी। इस मामले में नव विवाहिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला चमारान निवासी एक महिला ने बुढाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसने बीती 3 मार्च को बुढ़ाना निवासी कुलदीप के साथ लव मैरिज की थी लेकिन कस्बा बुढाना के ही रहने वाले अजय पुत्र कलीराम निवासी मौहल्ला कृष्णापुरी बुढाना ने अगले दिन 04 मार्च को उसको, उसके पति और उसके ससुरालियों को नीचा दिखाने के उद्देश्य से एक आपत्तिजनक पोस्ट उसके और उसके पति के खिलाफ अपने फेसबुक अकाउंट से डाली थी। जिसके संबंध में मेरे पति कुलदीप जब अजय से बात करने के लिए उसके पास गये तथा अजय से उक्त आपत्तिजनक पोस्ट हटाने के लिए कहा तो अजय ने मेरे पति कुलदीप के साथ गाली गलौच करते हुए कहा कि यहां से चला जा। अगर अगली बार यहां आया तो मैं तुझे जान से मार दूंगा। पीड़िता ने बुढाना पुलिस से आरोपी अजय के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कश्यप समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन....

## सीएम पर गलत शब्दों का प्रयोग करने के आरोप

**बुढ़ाना।** कश्यप समाज के लोगों ने शुक्रवार कोघ बुढ़ाना एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कश्यप समाज के भगवान महापुरुष हिरण्यकश्यप के विषय में मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गलत टिप्पणी करने और अशोभनीय शब्दो का प्रयोग करने को लेकर दिया गया। इन शब्दों के विरोध में कश्यप समाज में भारी रोष बताया गया है। कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप के नेतृत्व में सबसे पहले कश्यप समाज के काफी लोग तहसील बुढ़ाना के मुख्य गेट पर एकत्रित हुए। उसके बाद यहीं से पैदल नारेबाजी करते हुए सभी एसडीएम बुढ़ाना आफिस पर पहुंचे। जहां पर सभी ने एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा के माध्यम से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भिजवाने की बात कही। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीती 02 मार्च को गोरखपुर मे एक प्रोग्राम में हमारे पूर्वज भगवान हिरण्यकश्यप के विषय मे गलत टिप्पणी और अशोभनीय शब्द भी बोले हैं। हमारे पूर्वज भगवान हिरण्यकश्यप की तुलना आतंकवादियो से की गयी है। जिसको लेकर कश्यप समाज के लोगों मे काफी रोष है। मुख्यमन्त्री योगी के ऐसे शब्दों से समाज के समस्त लोगों के मान सम्मान को ठेस पहुंची है। भगवान हिरण्यकश्यप के वंशजों ने ही आपको विधानसभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके यूपी का मुख्यमन्त्री बनाया। इस समाज का अपमान करना भविष्य मे आपकी पार्टी के लिए नुकसानदेय साबित हो सकता है। इसलिए आप अपने शब्दों को वापस लें तथा कश्यप समाज से माफी मांगकर कश्यप समाज को सन्तुष्ट करें। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से मास्टर सुशील कश्यप, आदेश कश्यप, सुभाष कश्यप, प्रदीप कश्यप, श्याम कश्यप, ऋषिपाल कश्यप, सचिन कश्यप, राजवीर, राहुल कश्यप, संतु कश्यप, नरेंद्र कश्यप, रोशन कश्यप, रोशन कुमार, अंकित कश्यप धोलरा, राकेश कश्यप, सत्यपाल कश्यप, हरपाल सिंह कश्यप, नानू कश्यप, विनोद, ओमपाल आदि मौजूद थे।



# त्रिवेणी शुगर मिल में मनाया गया 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शुक्रवार को खतौली स्थित त्रिवेणी शुगर मिल के प्रशासनिक भवन परिसर में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष शुगर डॉ. अशोक कुमार ने सुरक्षा ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी.पी. सिंह ने उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी विस्तार से दी।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि सुरक्षा हर व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चाहे कार्यस्थल हो या घर, हर जगह सुरक्षा के नियमों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी उद्योग की असली ताकत उसकी मशीनें नहीं, बल्कि वहां काम करने वाले कर्मचारी होते हैं। कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही किसी फैक्ट्री की प्रगति संभव है। कार्यक्रम के दौरान सुधीर सैनी ने सुरक्षा से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सुशांत ठाकुर ने किया, जबकि अंत में अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# पुरानी रंजिश में युवक पर भाले से हमला, गंभीर घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना खतौली क्षेत्र के ग्राम ककराला में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर भाले से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक को पहले खतौली सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने गांव के कुछ लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम ककराला निवासी कपिल कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह होली महोत्सव के अवसर पर अपने घर पर गांव के कुछ लोगों के साथ होली खेल रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस के कुछ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए कपिल को घर से बाहर आने के लिए उकसाने लगे। कपिल का आरोप है कि जैसे ही वह घर से बाहर निकला, आरोपियों में से एक व्यक्ति ने उस पर जानलेवा हमला करते हुए नुकीले भाले से वार कर दिया। कपिल ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन भाला उसकी बाई जांघ में जा लगा, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। इसी दौरान कपिल मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। घायल का आरोप है कि हमलावरों में से एक थाना खतौली का हिस्ट्रीशीटर है और उसके भाई पर भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बताया गया है कि हमलावर जाते समय कपिल को दोबारा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए खतौली सीएचसी पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित कपिल कुमार ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 8 फीट से भी लंबे युवक को देख एआरटीओ ऑफिस में लगी भीड़, लोगों ने खिंचवाई सेल्फी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शुक्रवार को मुज़फ्फरनगर के एआरटीओ ऑफिस मुजफ्फरनगर में उस समय हलचल मच गई, जब करीब 8 फीट से भी अधिक लंबाई वाला युवक ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए वहां पहुंचा।

युवक को देखने के लिए कार्यालय में मौजूद लोगों की भीड़ लग गई और हर कोई उसकी लंबाई देखकर हैरान रह गया। जानकारी के अनुसार जानसठ क्षेत्र के भंगेला भेंगी गांव निवासी करण सिंह पुत्र संजय राठी अपने ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित कार्य के लिए एआरटीओ ऑफिस पहुंचे थे। उनकी असाधारण लंबाई को देखकर वहां मौजूद लोग उनके साथ फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने लगे। इस दौरान कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी करण सिंह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बातचीत में बताया गया कि लगभग साढ़े आठ फीट लंबे करण सिंह अभी युवा हैं और अधिकांश समय घर पर ही बिताते हैं। उनकी लंबाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# टबीटा फाटक के पास ट्रेन से कटकर बिहारी मजदूर की मौत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** टबीटा रेलवे फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक बिहारी मजदूर की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे पहले खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात मजदूर ने दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार का निवासी था। बताया गया है कि वह बचपन से ही गांव टबीटा में किसानों के यहां मजदूरी कर अपना गुजर-बसर कर रहा था। गुरुवार की रात वह भंगेला से टबीटा लौट रहा था। इसी दौरान टबीटा रेलवे फाटक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत उठाकर खतौली सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी थी।

### फिट इन्डिया महिला सप्ताह के तहत हुई बाक्सिंग प्रतियोगिता

**मुजफ्फर नगर।** फिट इन्डिया महिला सप्ताह- 2026 के उपलक्ष्य में शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला अधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में बालिकाओं के लिए सैल्फ डिफेन्स में प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय बाक्सिंग प्रशिक्षक भूपेन्द्र सिंह यादव के द्वारा बाक्सिंग खेल का अभ्यास करवाया गया तथा मनीष शर्मा एनआईएस युष्श प्रशिक्षक द्वारा ग्रीन फील्ड स्कूल मुजफ्फर नगर में स्कूल की बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए खेल का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर सभी खिलाडियों को सम्मानित किया गया व होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जड़ौदा मुजफ्फर नगर की शिक्षिका रीना चौहान को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कु. भावना एंव प्रतिभा शर्मा जिला युवा अधिकारी माय भारत मुजफ्फर नगर आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर डॉ राजीव कुमार बाल कल्याण समिति मुजफ्फर नगर द्वारा उक्त कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया गया।

# ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि यंत्रों को कृषकों का चयन

**मुजफ्फरनगर।** कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कृषि भवन, लखनऊ से प्राप्त निर्देशो के कम में जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के प्रतिनिधि श्री कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार, मुजफ्फरनगर में कृषि यन्त्रो की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत जिन कृषको द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु ऑनलाईन बुकिंग की गयी है के चयन हेतु ई-लाटरी आयोजित की गयी। जनपद में कृषि यंत्रों के अनुदान हेतु कृषको का ई-लॉटरी के माध्यम से ऑनलाईन चयन हुआ है, जिसके चयन/प्रतीक्षारत का मैसेज कृषक के पंजीकृत मोबाईल पर स्वतः चला गया है। अगर किन्ही कारणो से चयनित कृषक के द्वारा निर्धारित




अवधी (मोबाईल पर मैसेज में प्राप्त) तक https:@@agridarshan-up-gov-in पर बिल अपलोड नहीं किया जाता है तो तदोपरान्त प्रतीक्षारत कृषक का स्वतः चयन हो जायेगा। जिसमे प्रमोद सिरोही, उप कृषि निदेशक, मुजफ्फरनगर जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी जिला गन्ना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक, पीएनवी के प्रतिनिधि के साथ-साथ जनपद के सम्मानित कृषको द्वारा प्रतिभाग किया गया। चयनित कृषक किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु उप कृषि निदेशक, मुजफ्फरनगर कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

# एस.डी. मैनेजमेंट में दो दिवसीय बालिका खो-खो टूर्नामेंट का शुभारम्भ



**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में दो दिवसीय खो-खो टूर्नामेंट का शुभारम्भ हुआ। आज इस प्रतियोगिता का पहला दिन था, जिसमें विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। मैच की शुरुआत में सभी टीमों का स्वागत प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह तथा बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायल द्वारा किया गया। डॉ संगीता गुप्ता, चन्दना दीक्षित, प्राची एवम हर्षिता के द्वारा खिलाड़ियों का परिचय लिया गया और उनका उत्साह वर्दन किया गया इस अवसर पर दोनों टीमों के कप्तानों ने अपनी-अपनी टीम के खिलाड़ियों का परिचय कराया तथा खेल भावना को प्रदर्शित करते हुए एक-दूसरे से हाथ मिलाकर मैच की शुरुआत की । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि खेलकूद गतिविधियाँ विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायलने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाती हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। पहले मैच में बीसीए ए टीम और बीबीए टीम के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में बीसीए ए टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 पारी और 6 अंकों से जीत हासिल की। दूसरे मैच में बीसीए बी टीम और बी.एससी. (सी.एस.) टीम के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में टॉस बीसीए बी टीम ने जीता। मैच में बीसीए बी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-9 और 13-7 अंकों से जीत दर्ज की।

## सप्लाई इंस्पेक्टर ने सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएं

**मीरापुर।** ग्राम सम्भलहेड़ा में राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। शिकायत पर सप्लाई इंस्पेक्टर गांव पहुंचे और राशन कार्ड धारकों की समस्याएं सुनीं।ग्रामीणों ने एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि गांव का कोटेदार राशन वितरण में लगातार लापरवाही बरत रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार पहले मशीन पर अंगूठे लगवा लेता है और बाद में राशन देने की बात कहकर उन्हें कई दिनों तक टालता रहता है। आरोप यह भी है कि कोटेदार महीने में केवल एक-दो बार ही दुकान खोलता है और उस दौरान भी राशन कम मात्रा में देता है, जिससे कई पात्र परिवारों को पूरा राशन नहीं मिल पाता। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती ने मामले की जांच के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर सप्लाई इंस्पेक्टर गौरव निर्वाण शुक्रवार को गांव सम्भलहेड़ा पहुंचे। उन्होंने गांव के प्राइमरी स्कूल में राशन कार्ड धारकों को बुलाकर उनसे विस्तार से बातचीत की और उनकी शिकायतें सुनीं। इस दौरान कई ग्रामीणों ने अपने बयान दर्ज कराते हुए कोटेदार पर अनियमितताओं के आरोप लगाए।सप्लाई इंस्पेक्टर गौरव निर्वाण ने बताया कि राशन कार्ड धारकों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और जांच रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम जानसठ को सौंप दी गई है।

# 22 वर्गों में होगा 50 प्लस टेलेंट शो

**मुजफ्फरनगर।** मेरा वजूद फाउण्डेशन की एक मासिक बैठक का आयोजन प्रत्यूष गोयल के प्रतिष्ठान मित्तल हाउस में बैठक अध्यक्ष पं0 संजीव शंकर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें आगामी 24 मार्च, 2026 में होने वाले ''फिफ्टी प्लस द टैलेन्ट शो'' का आयोजन किया जायेगा। फाउण्डेशन के चौयरमेन प्रेवन्द्र दहिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में 50 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों जिनके पास कुछ न कुछ हुनर है, वे 22 अलग-अलग वर्ग में जैसे- गायन, नृत्य, योगा, साहित्य, कवि, फोटोग्राफर, आर्टस्टि, नायक, सशक्त महिला, पत्रकार, खेल इत्यादि ऐसे ही हुनर में वे 18 मार्च 2026 तक नामांकन- merawajoodfoundation@gmail-com मेल पर या वाट्सअप नं0- 9897620351, 8265821800, 9058080895 कर सकते है। जिनका चयन कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा किया जायेगा और चयनित प्रतिभागियों को 24 मार्च 2026 को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरानगर के सभागार में सम्मानित किया जायेगा। लाहकार डॉ0 अ0 कीर्तिवर्धन एवं वाइस चेयरमैन डॉ0 रणवीर सिंह ने बताया कि फाउण्डेशन की ओर से यह 50 वर्ष से अधिक आयु के हुनरबंद व्यक्तियों के लिए शानदार मंच होगा, जिसमें वे अपनी क्षमता के आधार को दुनिया के सामने ला सकेगें। डॉ0 राजीव कुमार, संजीव अग्रवाल और प्रेरक जैन ने बताया कि यह फिफ्टी प्लस द टैलेन्ट शो सभी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम का संचालन पंकज धीमान ने किया।



# मंदिर जा रही देवरानी-जेठानी के साथ मारपीट

**बुढ़ाना।** मंदिर में पूजा पाठ करने जा रही महिला, उसके पति और उसकी देवरानी के साथ गांव के ही दबंग युवक ने मारपीट की। इस दौरान महिला के सोने के कुंडल को गये।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका पत्नि उत्तम सिंह निवासी गांव हरिया खेडा ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 2 मार्च को वह गांव के ही मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए अपने पति उत्तर और देवरानी रीतू पत्नि अरुण के साथ गाड़ी में जा रही थी कि तभी रास्ते में गांव के ही कल्लू पुत्र राजू ने गन्ने से भरे ट्रेक्टर को हमारी गाडी के सामने लाकर रोक दिया। जब मैंने उसे रास्ते में से ट्रेक्टर हटाने के लिए बोला तो उसने मेरे पति, मुझे और मेरी देवरानी को डंडे से मारा व गाली गलोच की। मेरे हाथ मे और देवरानी को गम्भीर चोटें आयी। इस दौरान मेरे दोनों कानो के कुन्डल तोड दिये और मेरा फोन भी टूट गया। जब उसने अपने कुन्डल तलाश किए तो वे नहीं मिले। पीड़िता ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी कल्लू के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी कल्लू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नाई की दुकान से 16 हजार की चोरी

**छपार।** नाई की दुकान में रखे गल्ले का ताला तोड़कर एक युवक ने उसमें रखे सोलह हजार दो सौ रुपए चोरी कर लिये। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी में तहरीर दी है।

गांव बरला निवासी अनीस अढे पर नाई की दुकान करता है।शुक्रवार को दिन में साढ़े बारह बजे वह पैठ में सामान खरीदने गया था। दुकान पर गांव खाईखेडी थाना पुरकाजी निवासी एक युवक बाल कटवाने आया और अनीस को फोन किया तो उसने बताया कि वह पैठ में सामान खरीदने आया है।आरोपी ने मौका पाकर गल्ले का ताला तोड़कर उसमें रखे सोलह हजार दो सौ रुपए निकाल कर बाइक में रख लिये ओर भाग गया। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी में तहरीर दी है।

# अकीदत के साथ अदा हुई माह ए रमजान के तीसरे जुमे की नमाज

**बुढ़ाना।** माह ए रमजान के तीसरे जुमे की नमाज शुक्रवार के दिन अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। रमजानुल मुबारक के पाक महीने के तीसरे जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदारों ने जुमा की नमाज अदा करके मुल्क की तरक्की, खुशहाली, सलामती व अमन चौन की दुआएं मांगी। नमाज़ से मस्जिदों में रमजान की अहमियत, दूसरे अशरे की फजीहत, एतकाफ, जकात और फितरे पर भी तकरीर की गई। मस्जिदों में सभी नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआएं मांगकर अल्लाह का शुक्र अदा किया। बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान में स्थित मस्जिद ए कुबा के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने बतलाया कि पवित्र रमजान माह का दूसरा मगफिरत का अशरा चल रहा है। जिसमें अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ करता है। इस अशरे में कसरत के साथ अपने गुनाहों से तौबा व इस्तिगफार किया जाता है। इस दौरान बुढ़ाना कस्बे व क्षेत्र की जामा मस्जिद, चांद मस्जिद, सितारा मस्जिद, एक मीनार मस्जिद, किले वाले मस्जिद, कैंत वाली मस्जिद, बसाऊ वाली मस्जिद और अनवार मस्जिद सहित अन्य कई मस्जिदों में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई।

# मेडिकल मावेरिक्स की रोमांचक जीत, टिहरी फाल्कन्स को 15 रन से हराया

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 के मैच-19 में मेडिकल मावेरिक्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टिहरी फाल्कन्स को 15 रन से पराजित कर दिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए दिनेश कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेडिकल मावेरिक्स की टीम ने 19.5 ओवर में 138 रन बनाए। टीम की ओर से यशु प्रधान ने 40 गेंदों में 48 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनके अलावा वैभव त्यागी ने 19 और आदित्य शर्मा ने 25 रनों का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिहरी फाल्कन्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 123 रन ही बना सकी और मैच 15 रन से हार गई। टीम की ओर से सार्थक चचेत ने 27 रन और दिनेश कुमार ने 25 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके।

मेडिकल मावेरिक्स की ओर से गेंदबाजी में दिनेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके। वहीं मोहम्मद तालिब, दिव्यांश राजपूत और वैभव त्यागी ने भी महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।इस जीत के साथ मेडिकल मावेरिक्स ने लीग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली और दर्शकों को एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।

इस मैच के मैन ऑफ द मैच



दिनेश रहे यह पुरस्कार डॉ सुभाष शर्मा वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता के द्वारा दिया गया। सार्थक को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया यह पुरस्कार उन्हें भूपेंद्र यादव जिला किदाधिकारी के द्वारा दिया गया।

## अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बुढाना।** सड़क हादसे में एक ग्रामीण को मौत के घाट उतारने वाले अज्ञात कार चालक के खिलाफ मृतक के छोटे भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। विजेन्द्र पुत्र भोपाल सिंह निवासी गांव बिटावदा ने पुलिस बतलाया कि मेरा बडा भाई ओमकार सिंह व उनकी पत्नि ममता दोनों अपनी स्कूटी से बडौत से घर पर की तरफ आ रहे थे। तिरंगा ड्राईविग सेन्टर के पास बीती 3 मार्च की शाम पीछे से तेजी व लापरवाही से चलाकर कार चालक ने उनकी स्कूटी मे टक्कर मार दी। जिसमे ओमकार व उनकी पत्नी ममता गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत होने के कारण मेडिकल मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ में उपचार के दोरान ओमकार की बीती 4 मार्च को मौत हो गयी। इनकी पत्नी ममता का अभी भी इलाज चल रहा है।

### महिला सहित तीन के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ी निवासी महिला रेशमा ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते दो मार्च की शाम गांव के ही तीन सगे भाई सत्येंद्र,कुलदीप,जितेंद्र ने उसके बेटों सिद्धार्थ व राजन के साथ रंजिशन गाली गलौज करते हुए मारपीट की। सूचना के बाद जैसे ही वह अपनी देवरानी रुचि के साथ अपने बेटों के बचाव में पहुंची तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज व मारपीट की। आरोपियों ने देख लेने की धमकी भी दी हैं। पीड़िता द्वारा थाने पर दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

# उद्योग बन्धु की बैठक में व्यापारियों ने उठाए बिजली, पानी और सड़क के मुद्दे

**मुजफ्फरनगर।** जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी/अध्यक्ष श्री उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में फेडरेशन सभागार में आयोजित हुई।

। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जिसके लिए जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रकरण निस्तारण के निर्देश दिये गये।

बैठक में प्रस्तुत समस्या जानसठ रोड पर नैराना विद्युत सब-स्टेशन की 500 मी. लिंक रोड के निर्माण हेतु एनएचएआई, मेरठ द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा नैराना विद्युत उपकेन्द्र के सामने ओवरहेड लाईन के निर्माण की सुरक्षा हेतु अण्डर ग्राउण्ड या विद्युत पोल के माध्यम से केबिल डालने हेतु एनएचएआई, विद्युत विभाग एवं औद्योगिक संगठनों को संयुक्त निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिये गये, ताकि समस्या का समाधान हो सके। बैठक में उपस्थित अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, मु0नगर को मै. राधा गोविन्द ऑटोमोबाईल्स प्रालि मु.नगर की एनओसी/मानचित्र जारी करने के निर्देश दिये गये।

बैठक ने मै बीके टाईल्स, मेरठ रोड के समीप लिंक रोड जो पूरी तरह टूट गयी है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, मु. नगर ने अवगत कराया कि सम्बन्धित सडक निर्माण कार्य का आगणन तैयार कर 15वें वित्त आयोग की संस्तुति 2025-26 के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। साथ ही आईटीआई मेरठ रोड से औद्योगिक क्षेत्र में अवैद्य रूप से खडे होने वाले ट्रकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने हेतु एआरटीओ, मु.नगर को निर्देश दिये गये।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी औद्योगिक संगठनों का आव्हान किया कि औद्योगिक आस्थान के मुख्य मार्ग पर सौदर्यकरण कार्य में एमडीए एवं नगर पालिका के साथ मिल कर कार्य करें। बैठक का संचालन श्री आशीष कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग द्वारा किया गया। अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

बैठक में श्री कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण मुख्य विकास अधिकारी, जिला स्तर के सभी अधिकारीगण के अतिरिक्त सभी औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




मुजफ्फरनगर: उद्योग बंधु की मीटिंग में लेते अधिकारी।




मोरना: किसान गोष्ठी में वक्ता ग्रामीणों को जानकारी देते हुए।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए शहीद इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह, हवन-यज्ञ कर दी श्रद्धांजलि

**खतौली।** बलिदानी इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को कोतवाली परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रतिमा के समक्ष हवन-यज्ञ किया गया और उपस्थित लोगों ने आहुति देकर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

हवन का संचालन पंडित सीताराम शर्मा और रिंकू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया। इसके बाद वक्ताओं ने शहीद इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह के साहस, कर्तव्यपरायणता और देशसेवा में दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बताया गया कि 6 मार्च 2006 को खतौली के नावला कोठी के पास बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में तत्कालीन इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनकी स्मृति में कोतवाली परिसर में प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर परिजन व पुलिसकर्मी एकत्र होकर हवन-यज्ञ कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर उनकी पत्नी शुभकामना, बेटे एसआई अंकित चौहान (आगरा), बेटियां सोनल चौहान, अर्चना चौहान, सोनली, पोता अगस्त्य, दामाद पारस, भांजी सुमन, साली पुष्पा देवी सहित दीपक सिंह, सौरभ कुशवाहा, आरती, सुनील राणा, नीलम, केपी सिंह और शिव कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीएसपी रामआशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल सहित पुलिसकर्मियों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।




खतौली: शहीद इंस्पैक्टर को श्रद्धासुमन अर्पित करते परिजन।

# खरपोड़ में किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत परियोजना के द्वितीय चरण में द्वितीय वर्ष का किसानों प्रशिक्षण देकर जैविक खेती के लाभ बताये गये।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव खरपौड मे नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत परियोजना के द्वितीय चरण में द्वितीय वर्ष का तृतीय जैविक विधि पर तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें

मुख्य प्रशिक्षक वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक सहयोगी संस्थान विट्रो बायोटेक्नोलॉजी लिमिटेड डॉ. जेपी शर्मा ने किसानों को जैविक विधि से गन्ने की बुवाई कैसे की जाए और जैविक विधि से गाने में जड़ से आने वाले रोग और बीमारियों को कैसा रोका जाए इस पर विस्तार से किसानों को बताया गया साथ ही किसानों को बताया गया कि परियोजना का द्वितीय वर्ष चल रहा है और परियोजना के द्वितीय वर्ष में किसानों को अनुदान धन राशि के रूप में 4000 का भुगतान किया जाता है।जिसमे बीज, मेंढ, जैविक खाद आदि कार्यों मे खर्च करना है।वहीं जिला प्रभारी पूनम यादव के द्वारा किसानों को जैविक खेती के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई प्रशिक्षण कार्यक्रम में समूह प्रभारी जितेंद्र कुमार प्रिंस सहित 60 से अधिक किसानों के द्वारा भाग लिया गया

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 8 मार्च को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के सहायक श्रमायुक्त अरविन्द कुमार ने सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-06 और कक्षा-09 में प्रवेश हेतु परीक्षा 08. मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रात: 11 :00 बजे से दोपहर 01 :00 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक, शामली द्वारा सत्य नारायण इण्टर कॉलेज, शामली को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। परीक्षा में प्रश्न केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे और परीक्षा अंग्रेजी तथा हिंदी दोनों भाषाओं में आयोजित की जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे परीक्षा प्रारम्भ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंच जाएं। परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घंटा पूर्व मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के बयान पर कश्यप समाज में रोष

### सामाजिक न्याय पार्टी ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। सामाजिक न्याय पार्टी के पदाधिकारियों और कश्यप समाज के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के एक बयान पर आपत्ति जताते हुए गहरा रोष प्रकट किया है। समाज के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री से अपने बयान पर माफी मांगने की मांग की है। उनका कहना है कि भगवान महर्षि कश्यप के पुत्र चक्रवर्ती राजा हिरण्यकश्यप के बारे में की गई टिप्पणी से पूरे कश्यप समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।

शुक्रवार को सामाजिक न्याय पार्टी के पदाधिकारी और कश्यप समाज के लोग तहसील पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि महर्षि कश्यप को सृष्टि रचयिता के रूप में माना जाता है और उनके पुत्र हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकश्यप हुए थे। समाज के लोगों का कहना है कि हिरण्यकश्यप एक चक्रवर्ती और प्रजापालक राजा थे, जिनके शासनकाल में प्रजा सुखी और समृद्ध थी।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि हिरण्यकश्यप ने अपने समय में बाहरी लोगों द्वारा फैलाए जा रहे पाखंडवाद का विरोध किया था और अपनी प्रजा के हितों की रक्षा की थी। समाज के लोगों का कहना है कि इतिहास और परंपराओं में उनका विशेष स्थान है, इसलिए उनके बारे में आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करना उचित नहीं है। पदाधिकारियों ने बताया कि गत 2 मार्च 2026 को गोरखपुर में आयोजित होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए एक बयान में हिरण्यकश्यप की तुलना आतंकवादी, उग्रवादी, गुंडा और माफिया जैसे शब्दों से की गई थी। इस बयान को लेकर कश्यप समाज में भारी आक्रोश है और लोग इसे समाज का अपमान मान रहे हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि एक चक्रवर्ती और ऐतिहासिक रूप से सम्मानित राजा के लिए इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करना न केवल अनुचित है बल्कि इससे पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। सामाजिक न्याय पार्टी के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री द्वारा जल्द ही माफी नहीं मांगी जाती है तो कश्यप समाज देशभर में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने प्रशासन से भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की मांग की है।

इस अवसर पर धर्मवीर कश्यप, जगमोहन कश्यप, समीर, जितेंद्र कुमार, सतपाल कश्यप, सतीश



कुमार कश्यप, सोमपाल कश्यप सहित कई समाजसेवी और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत

**कांधला।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप के प्रथम आगमन पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुछ दिन पूर्व रामजीलाल कश्यप को जनपद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। शुक्रवार को जनपद में उनके प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। एलम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इसके बाद नवनियु क्त जिला अध्यक्ष कांधला के दिल्ली बस स्टैंड पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का शामली पहुंचने पर हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप के जनपद शामली पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने दिल्ली बॉर्डर से लेकर शामली शहर तक विभिन्न स्थानों पर उनका फूल-मालाओं के साथ जोरदार और भव्य स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत समारोह आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समाज के लोग शामिल हुए।

शुक्रवार को जैसे ही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप का जिले में आगमन हुआ, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने काफिले के साथ उनका स्वागत करते हुए फूल-मालाएं पहनाई और उनका अभिनंदन किया। इसके बाद शहर के कई प्रमुख स्थानों पर उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के वीवी इंटर कॉलेज रोड पर मनीष भटनागर और उनके साथियों ने फूल-मालाएं पहनाकर जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत



किया। इसके अलावा वर्मा मार्केट में अग्रवाल समाज के लोगों ने भी उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। वहीं शहर के भिक्की मोड़ पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन जैन के नेतृत्व में जैन समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद माजरा रोड पर नामदेव समाज की ओर से भी स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

नामदेव युवा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रजनीश नामदेव के नेतृत्व में समाज के लोगों ने रामजीलाल कश्यप को फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान वंश नामदेव, मोनू, मनीष नामदेव, घनश्याम नामदेव, अनुज नामदेव, अरविंद नामदेव, सतेंद्र नामदेव, श्रवण नामदेव और उत्तम नामदेव सहित कई लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनके सहयोग से ही संगठन मजबूत बनता है। इस दौरान भाजपा कार्यालय पर एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मानस संगल, कुशांक चौहान, सलमान अहमद, अमित मित्तल, निशीकांत संगल, अंकित गोयल, बादल गौतम, अनुराग शर्मा, गौरव विश्वकर्मा, तेजस्वी पंवार, रवि कश्यप, आधार जैन, घनश्याम पारचा, साजिद उर्फ काला सहित दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आत्मसुधार से ही मिलती है सच्ची महानता: मुनि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रांतिवीर श्री 108 मुनि प्रतीक सागर मुनिराज ने शुक्रवार को शामली से विहार करते हुए श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में महान बनने का मूल आधार विनम्रता, श्रेष्ठ चरित्र और आत्मसुधार है। सच्ची महानता दिखावे से नहीं, बल्कि अच्छे कर्म और उत्तम आचरण से प्राप्त होती है। यदि व्यक्ति अपने जीवन में इन गुणों को अपनाता है तो वह समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है।

मुनि श्री ने अपने प्रवचन में उदाहरण देते हुए कहा कि एक छोटे से बीज में अनंत संभावनाएं छिपी होती हैं, लेकिन वह कभी अपनी शक्ति या सामर्थ्य का प्रदर्शन नहीं करता। वह चुपचाप मिटी में दबा रहता है और समय आने पर एक विशाल वृक्ष बनकर फल और फूल देता है। उसी प्रकार सच्चा महान व्यक्ति अपने गुणों का दिखावा नहीं करता, बल्कि अपने कर्मों और व्यवहार से अपनी महानता को सिद्ध करता है। उन्होंने कहा कि जीवन का



एक महत्वपूर्ण नियम यह भी है कि जो व्यक्ति अधिक बोलता है वह अक्सर कार्य कम करता है, जबकि जो वास्तव में कार्य करता है वह उसका प्रचार नहीं करता। आज के समय में लोग दिखावे और बाहरी छवि को अधिक महत्व देने लगे हैं, जबकि मनुष्य को अपने जीवन को अभिनय के रूप में नहीं बल्कि सच्चाई और अच्छे आचरण के साथ जीना चाहिए। मुनि प्रतीक सागर ने चित्र और चरित्र के अंतर को समझाते हुए कहा कि चित्र केवल बाहरी छवि होती है, जबकि चरित्र व्यक्ति के वास्तविक आचरण और व्यक्तित्व को दर्शाता है। केवल अच्छी छवि बनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि सच्चा सम्मान तभी मिलता है जब व्यक्ति का चरित्र भी उतना ही श्रेष्ठ और पवित्र हो।

उन्होंने यह भी कहा कि केवल पुस्तकों का ज्ञान प्राप्त कर लेना ही पर्याप्त नहीं है। यदि वह ज्ञान व्यक्ति के जीवन और व्यवहार में दिखाई नहीं देता तो उसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता। इसलिए ज्ञान को आचरण में उतारना जरूरी है। मुनि श्री ने मौन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौन का अर्थ केवल चुप रहना नहीं होता, बल्कि अपने भीतर झांककर आत्मचिंतन करना है। जब मनुष्य अपने अंदर झांकना सीखता है, तभी वह जीवन के सही मार्ग को पहचान पाता है और सच्चे अर्थों में आत्मिक उन्नति प्राप्त करता है।

## युवक पर फायरिंग करने का आरोप, पांच नामजद समेत 10 पर मुकदमा दर्ज

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला आलखुर्द में गाली-गलौज का विरोध करने पर कुछ युवकों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने देशी तमंचे से फायरिंग की, जिसमें पीड़ित बाल-बाल बच गया। इसके बाद आरोपियों ने लाठी- डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांच नामजद और पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के ग्राम जहानपुरा निवासी सादिक पुत्र शाहदीन ने कैराना थाने में तहरीर देकर बताया कि गत चार मार्च को शाम करीब पांच बजे वह मोहल्ला आलखुर्द स्थित नौगजा पीर के पास मौजूद था। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ युवकों ने उसे मां-बहन की गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर देशी तमंचे से फायरिंग कर दी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद आरोपियों ने लाठी- डंडों और बेल्टों से मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर हुजेफा पुत्र दिलशाद, अम्मार पुत्र दिलशाद, साकिब पुत्र खुर्शीद, आसिफ पुत्र नसीम और दानिश पुत्र हारून निवासीगण मोहल्ला आलखुर्द समेत पांच अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शामली में 17 मार्च को वृहद रोजगार मेला

शामली। जनपद शामली में आगामी 17 मार्च 2026 को सिटी ग्रीन्स, दिल्ली रोड, शामली में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेगा जॉब फेयर में देश-प्रदेश की 40 से अधिक प्रतिष्ठित स्थानीय और बाहरी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और 2000 से अधिक रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण से लेकर स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए, बी-टेक, बी-फार्मा और डी-फार्मा तक के अभ्यर्थियों को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में फार्मा, स्वास्थ्य, मार्केटिंग, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, मैन्युफैक्चरिंग, निर्माण कार्य और सर्विस सेक्टर सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मौजूद होंगे। रोजगार मेला प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, किया सुपुर्द-ए-खाक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बिजलीघर मार्ग निवासी एक युवक की ट्रैक्टर पलटने से दबकर दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को परिजनों व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

थाना क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग निवासी अतहर का 25 वर्षीय पुत्र आमीर गुरुवार की रात अपना ट्रैक्टर लेकर किसी कार्य से गांव भारसी के पास गया हुआ था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक आमीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। शुक्रवार को गमगीन माहौल में परिजनों व क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में आमीर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। युवक की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं दूसरी ओर शिवाला मार्ग निवासी हारुन का भी आकस्मिक निधन हो गया। एक ही समय में कब्रिस्तान में दो जनाजे पहुंचे, जहां सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में दोनों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## ट्रैक्टर हादसे में बालिका की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के बाबरी क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में दस वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बालिका अपनी मां के साथ ईंट भटटे पर काम करने जा रही थी, तभी ट्रेक्टर से गिरने से उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे ने परिजनों और ग्रामीणों को शोक में डुबो दिया। जानकारी के अनुसार, बुटराडा गांव निवासी सीमा, जो भज्जू गांव स्थित ईंट भटटे पर श्रमिक के रूप में काम करती हैं, अपनी दस वर्षीय बेटी गुडडन के साथ ट्रेक्टर में बैठकर कार्यस्थल जा रही थी। जैसे ही वे गांव भज्जू के पास पहुंचे, रास्ते में अचानक ग्ढा पड़ जाने के कारण ट्रेक्टर झटका खा गया और गुडडन उसमें से उछलकर सड़क पर जा गिरी। घटना स्थल पर ही गुडडन गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन और आसपास के लोग तुरंत उसे पास के जिला अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत की खबर से परिजनों में गहरा सदमा है। परिजनों का कहना है कि दो वर्ष पूर्व गुडडन के पिता दलबीर सिंह की भी मौत हो गई थी, और अब बेटी की अकस्मात मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। ग्रामीणों ने बताया कि भट्टे के पास मार्ग खराब और गड्ढो से भरा हुआ है, जिससे इस प्रकार के हादसे अक्सर होने का खतरा रहता है। उन्होंने प्रशासन से यह मांग की है कि मुख्य मार्गों और मजदूरों के आवागमन वाले रास्तों की मरम्मत कराई जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके। बालिका की मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है।

ग्रामीणों और परिजनों ने हादसे के स्थान पर गुडडन के लिए नम आंखों से अंतिम संस्कार किया। इस घटना ने श्रमिक परिवारों के सामने सुरक्षा और सड़क की स्थिति की गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है। सुरक्षा के इंतजाम और मार्गों की मरम्मत की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है।

## विदेश में फंसे नागरिकों के लिए स्थापित किया गया कन्ट्रोल रूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर जिलाधिकारी सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में खाड़ी और अन्य देशों में जारी युद्ध की स्थिति को देखते हुए उन भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों की मदद के लिए एक विशेष कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह पहल मुख्य रूप से विदेश में फंसे नागरिकों की सुरक्षा और उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यह कन्ट्रोल रूम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने, जानकारी उपलब्ध कराने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुँचाने के लिए बनाया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 01398-270203 निर्धारित किया गया है। परिजन और नागरिक इस नंबर पर संपर्क करके विदेश में फंसे अपने रिश्तेदारों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस समय नागरिकों को विदेश में अपने परिजनों की सुरक्षा और उनकी स्थिति को लेकर कई तरह की चिंताएँ हो सकती हैं। ऐसे में कन्ट्रोल रूम एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में कार्य करेगा, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद उपलब्ध कराई जा सके। नागरिक चाहे जानकारी लेना चाहते हों या किसी विशेष प्रकार की सहायता चाहते हों, सभी संबंधित मामलों के लिए इस केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

अपर जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी जानकारी या सहायता के लिए केवल इस निर्धारित नंबर 01398-270203 का ही प्रयोग करें, ताकि उन्हें त्वरित और सही सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि कन्ट्रोल रूम में प्रशिक्षित अधिकारी उपलब्ध रहेंगे, जो सभी प्रकार की जानकारी और आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगे इस व्यवस्था के तहत विदेश में फंसे नागरिकों के परिजनों को मानसिक संतोष और सुरक्षा की अनुभूति मिलेगी। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि इस समय संकट के बावजूद किसी भी नागरिक को जानकारी और सहायता प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस तरह की पहल से न केवल विदेश में फंसे भारतीयों की मदद होगी, बल्कि उनके परिजनों को भी राहत और भरोसा मिलेगा।

# शामली में यूको की नई शाखा का शुभारंभ

### लोगों को मिलेगा बेहतर बैंकिंग सुविधा का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददात**

**शामली।** शहर के बुढाना रोड स्थित आर्य कॉम्प्लेक्स में यूको बैंक की नई शाखा का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। बैंक की इस नई शाखा का शुभारंभ यूको बैंक के मेरठ जोन के जोनल मैनेजर जावेद ने पफीता काटकर किया। इस अवसर पर धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार हवन-पूजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर क्षेत्र की समृद्धि और बैंक की उन्नति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान जोनल मैनेजर जावेद ने कहा कि शामली में यूको बैंक की नई शाखा खुलने से शहर के लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि जिले में यह यूको बैंक की तीसरी शाखा है, जबकि शामली शहर में यह बैंक की पहली शाखा है। इससे स्थानीय व्यापारियों, किसानों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने शहर में ही आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर शाखा प्रमुख



नितिन कुमार, सहायक शाखा प्रमुख जावेद मलिक और विकास कुमार सहित अंचल कार्यालय की टीम के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक आशीष सिंह गौड़, अंकुर वार्ष्णेय, निमित कुमार और अरुण मलिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और नई शाखा के संचालन को लेकर अपने विचार साझा किए। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नई शाखा में ग्राहकों को बचत खाता, चालू खाता, ऋण सुविधा, डिजिटल बैंकिंग, एटीएम सेवा सहित विभिन्न आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे क्षेत्र के लोगों को आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अंकित गोयल, रविंद्र आर्य सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने बैंक की नई शाखा खुलने पर खुशी जताई और इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# कांग्रेस ने अमृत सरोवर योजना को लेकर सौंपा ज्ञापन

### अमृत सरोवर योजना से मत्स्य पालकों को नुकसान का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेश कश्यप के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार पर अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए तालाबों के कारण मत्स्य पालकों को भारी आर्थिक नुकसान होने का आरोप लगाया गया।

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और प्रदेश सरकार की अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, अटल भूगर्भ योजना और लघु सिंचाई विभाग जैसी विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा तालाबों की खुदाई कराई गई है। आरोप है कि यह खुदाई तकनीकी मानकों के अनुरूप न होकर मनमाने तरीके से की गई है, जिससे तालाबों का मूल स्वरूप और आख्रति बदल गई है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर तालाबों की अत्यधिक



गहराई तक खुदाई कर दी गई है, जिसके कारण उनमें पानी का सही तरीके से ठहराव नहीं हो पा रहा है। पानी नहीं रुकने की वजह से इन तालाबों में मत्स्य पालन करना लगभग असंभव हो गया है, जिससे इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा प्राप्त है और इसे जल कृषि के रूप में भी जाना जाता है। इसके बावजूद मौजूदा सरकारी नीतियों के कारण यह क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है और मत्स्य पालकों का रोजगार संकट में पड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर तालाबों से मत्स्य पालकों के पुराने अनुबंध समाप्त कर उन्हें अमृत सरोवर में बदल दिया गया, जबकि उनसे जबरन लगान भी वसूला जा रहा है। इससे मछुआ समुदाय, कश्यप निषाद समाज तथा उनकी कई उपजातियों के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

कई मत्स्य पालक कर्ज के बोझ तले दब गए हैं और उनकी आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान कृषि विविधीकरण योजना के तहत मत्स्य पालन, बत्तख पालन, पशुपालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन और बागवानी को बढ़ावा दिया गया था, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली थी। लेकिन वर्तमान नीतियों के कारण यह व्यवस्था प्रभावित हुई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए तालाबों की तकनीकी जांच कराई जाए और मत्स्य पालकों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस दौरान ओमी, आजम, नितिन, नफे सिंह, सोनू कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# रमजान के तीसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्वक व सौहार्द के साथ हुई अदा

## देश में अमनो-अमान के लिए एक साथ दुआ में उठे लाखों हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पवित्र माह-ए-रमजान के तीसरे जुमे के अवसर पर शुक्रवार को जिलेभर की मस्जिदों में अकीदत और श्रद्धा के साथ नमाज अदा की गई। इस दौरान मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे और देश में अमन-चौन, तरक्की तथा आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए दुआ मांगी। जुमे की नमाज को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

रमजान के तीसरे जुमे को लेकर सुबह से ही मुस्लिम बस्तियों और मोहल्लों में खासा उत्साह देखा गया। लोग सुबह से ही इबादत में लगे रहे। दोपहर होते-होते मस्जिदों की ओर नमाजियों का आना शुरू हो गया। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी नए या साफ कपड़े पहनकर नमाज के लिए मस्जिदों की ओर जाते नजर आए। जुमे की नमाज से पहले मस्जिदों में विशेष रूप से साफ-सफाई कराई गई और मस्जिदों के आसपास चूना डलवाकर व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। दोपहर करीब एक बजे शहर की प्रमुख मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। शहर की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद में मौलाना शौकीन ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने अपने बयान में समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने, देश में शांति कायम रहने और लोगों के बीच भाईचारे की भावना मजबूत करने की अपील की। उन्होंने नमाजियों से देश में अमन-चौन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआ करने को कहा। इसके अलावा शहर के फव्वारा चौक स्थित गढ़ीवाली मस्जिद, मोहल्ला कलंदरशाह की चांद मस्जिद, नूरानी मस्जिद, कलंदर वाली मस्जिद, मोहल्ला पंसारियान की फतेहपुरी मस्जिद, दिल्ली रोड स्थित मदरसा इमदादिया रशीदिया और मनिहारान मस्जिद सहित कई मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में अकीद. तमंदों ने जुमे की नमाज अदा की। मस्जिदों के अंदर और बाहर नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। नमाज के बाद लोगों ने देश की तरक्की, खुशहाली और आपसी प्रेम-भाईचारे के लिए दुआ मांगी। जुमे की नमाज को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर की प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा और संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने लगातार गश्त की। इसके अलावा कई स्थानों पर प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी गई, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिले के शामली, गढ़ीपुख्ता, जलालाबाद, थानाभवन और बाबरी सहित विभिन्न कस्बों और गांवों की मस्जिदों में भी जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति पर नजर बनाए रखी। सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की सतर्कता के चलते जिलेभर में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

कैराना संवाददाता के अनुसार रमजान माह के तीसरे जुमे पर नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोज. ेदारों ने नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में अमन-चौन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ मांगी गई। शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में खासा उत्साह का माहौल रहा। नमाज से पहले मस्जिद के इमामों ने अकीद. तमंदों को संबोधित करते रमजान के महीने की अहमियत और रोजे की फजीलत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, परहेजगारी और इंसानियत का पैगाम देता है। इस पाक महीने में जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।जुमे की नमाज अदा करने के लिए नगर और आसपास के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में रोजेदार मस्जिदों में पहुंचे। नमाज के बाद सभी ने देश और प्रदेश में शांति, सौहार्द और खुशहाली के लिए दुआ की। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत करने की अपील की गई। रमजान के तीसरे जुमे के अवसर पर मस्जिद के आसपास सॉफ् सफाई व चहल-पहल देखने को मिली। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।

कांधला संवाददाता के अनुसार माहे रमजान के तीसरे जुम्मे के अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्र की मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर जुम्मे की नमाज अदा की। इस दौरान मस्जिदों में सुबह से ही इबादत का माहौल देखने को मिला और नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज अदा करने के बाद अकिदतमंदो ने हाथ उठाकर देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी ।जुम्मे की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान के पाक महीने की मुबारकबाद दी। वहीं इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के विधायक प्रसन्न चौधरी भी नगर की मस्जिदों के बाहर पहुंचे और नमाज अदा कर बाहर निकल रहे लोगों से मुलाकात कर उन्हें आगामी ईद-उल-फितर की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि रमजान का महीना आपसी भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संद. ेश देता है, जिसे सभी को मिलकर आगे बढ़ाना चाहिए।जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर की प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, ताकि नमाज के दौरान शांति और व्यवस्था बनी रहे। इसके अलावा नगर पालिका प्रशासन द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था कराई गई, जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर मौके पर नगर में धार्मिक उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला तथा लोगों ने देश मैं अमन चैन की दुआ मांगी।

# कांधला की आस्था जैन ने यूपीएससी में हासिल की 9वीं रैंक

## तीसरे प्रयास में मिली सफलता



**मोहसीन रहमानी**

**कांधला।** यूपीएससी की परीक्षा में सफल होकर सामान्य परिवार की एक बेटी ने अपने परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। कस्बे के मोहल्ला सरावज्ञान निवासी आस्था जैन का चयन यूपीएससी में हुआ है। आस्था ने यूपीएससी परीक्षा में पूरे देश में 9वीं रैंक हासिल की है। चयन के बाद पूरे कस्बे में खुशी का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग उनके परि. जनों को बधाई देने पहुंच रहे हैं।नगर के मोहल्ला सरावज्ञान निवासी अजय जैन एक सामान्य व्यापारी हैं। उनकी नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप कन्फेक्शनरी की दुकान है। उनके परिवार में तीन पुत्रियां और एक पुत्र हैं। उनकी दूसरी पुत्री आस्था जैन का चयन यूपीएससी परीक्षा में हुआ है। आस्था जैन ने कठिन परिश्रम के साथ पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने सेल्फ स्टडी के साथ कुछ समय दिल्ली में कोचिंग भी ली थी।आस्था जैन ने पहले प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 131वीं रैंक हासिल की थी, जिसके बाद उन्हें हैदराबाद कैडर में आईपीएस की ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। हालांकि उनका सपना आईएएस बनने का था। इसके चलते उन्होंने दोबारा प्रयास किया, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्हें 186वीं रैंक मिली। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में पूरे भारत में 9वीं रैंक हासिल कर अपना सपना पूरा कर लिया। आस्था जैन की माता ममता जैन ने बताया कि उनकी पुत्री ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नगर में ही प्राप्त की। इसके बाद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई शामली के स्कॉटिश स्कूल से की।

इंटरमीडिएट के बाद आस्था ने अपने परिवार को यूपीएससी की तैयारी करने की इच्छा बताई, जिस पर परिवार ने उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय भेजा। वहां से उन्होंने बीए की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। आस्था ने सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन माध्यम से भी पढ़ाई की तथा अपने स्तर पर किताबों का चयन कर तैयारी की। आस्था जैन के यूपीएससी में चयन के बाद पूरे नगर में खुशी की लहर है। नगरवासी उनके पिता को बधाई देने पहुंच रहे हैं। माता-पिता के प्रोत्साहन और सेल्फ स्टडी के दम पर आस्था जैन ने यूपीएससी क्रैक कर यह उपलब्धि हासिल की है।

### इंटरमीडिएट परीक्षा में पाया था चौथा स्थान

व्यापारी अजय जैन की पुत्री आस्था जैन पढ़ाई में शुरू से ही होनहार रही हैं। वर्ष 2019 में स्कॉटिश स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए उन्होंने 500 में से 496 अंक प्राप्त किए थे और देश में चौथा स्थान हासिल कर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया था।

### घर में हर्ष का माहौल

आस्था जैन यूपीएससी परीक्षा परिणाम के समय हैदराबाद में अपनी ट्रेनिंग पर हैं। वहीं उनकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। समाज और नगर के गणमान्य लोग उनके परिवार को बधाई देने पहुंच रहे हैं। अपनी बेटी की सफलता से गदगद पिता बाजार में मिठाई वितरित कर रहे हैं। आस्था जैन ने फोन पर बातचीत में अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता ममता जैन, पिता अजय जैन, बहनों आंचल जैन, खुशी जैन, भाई सार्थक जैन और अपने गुरुओं को दिया है। आस्था के परीक्षा परिणाम से कस्बे के साथ-साथ पूरे समाज में हर्ष का माहौल है।

# चौसाना में ट्यूबवेलों पर चोरों का हमला

## पांच किसानों का मोटर-केबल और स्टार्टर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिले के चौसाना क्षेत्र के कई गांवों में गुरुवार की रात बदमाशों ने खेतों में लगे टड्ूबवेलों को निशाना बनाते हुए पांच किसानों की मोटर, केबल और स्टार्टर चोरी कर ली। वहीं तीन अन्य टड्ूबवेलों में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया गया, जिससे किसानों में दहशत और रोष फैल गया। पीड़ित किसानों ने चौसाना चौकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, चौसाना क्षेत्र के नाइनगला जाटान, सालहापुर, मुस्तफाबाद और सकौती गांवों के खेतों में करीब बीस फुट गहरी होदी में टड्ूबवेल की मोटर लगी हुई थी। गुरुवार की देर रात कुछ बदमाश खेतों में पहुंचे और सुनसान का फायदा उठाकर टड्ूबवेलों से मोटर, केबल और स्टार्टर निकालकर ले गए। सुबह जब किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए पहुंचे तो उन्होंने देखा कि टड्ूबवेलों की मोटर और अन्य सामान गायब हैं। इस चोरी की घटना में सकौती निवासी जांगिर सिंह, सालहापुर निवासी मैनपाल, मुस्तफाबाद निवासी जबर सिंह और नाइनगला जाटान निवासी अजय व स्वराज की ट्यूबवेलों से मोटर, केबल और स्टार्टर चोरी किए गए। वहीं विनोद, ब्रजपाल और तेजा की ट्यूबवेलों में बदमाशों ने तोड़फोड़ की, लेकिन उन्हें मोटर निकालने में सफलता नहीं मिली। किसानों का कहना है कि इस घटना से लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में ट्यूबवेलों से मोटर और केबल चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। किसान भयभीत हैं और खेतों में सिंचाई के काम में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही चौसाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के खेतों में जांच-पड़ताल की। पुलिस ने ग्रामीणों से जानकारी जुटाई और अज्ञात चोरों की खोज शुरू कर दी है। किसान प्रशासन और पुलिस से मांग कर रहे हैं कि ट्यूबवेलों की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी रखी जाए और चोरी के मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि आगे ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई तो क्षेत्र में किसान और ग्रामीण लगातार परेशानियों का सामना करेंगे।

## गाली-गलौज के बाद मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव नौनागली में गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में प्रदीप पुत्र भवर सिंह निवासी गांव नौनागली ने बताया कि चार मार्च की शाम करीब चार बजे गांव के ही विकास पुत्र भवर सिंह और उसकी पत्नी कुंती ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में प्रदीप के सिर में गंभीर चोट लग गई। आरोप है कि घटना के दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## होली खेलने ट्यूबवेल पर गए युवक के साथ हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के चरण सिंह कॉलोनी गली नंबर-2 निवासी प्रदीप कुमार पुत्र सुखवीर सिंह ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र शुभ होली खेलने के लिए कॉलोनी के पीछे अंडरपास स्थित टड्ूबवेल पर गया था। इसी दौरान करीब सात-आठ बाइकोंपर सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और आते ही पुत्र पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर धारदार हथियार, लाठी-डंडों से लैस थे और उन्होंने युवक के साथ जमकर मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी घायल युवक को अधमरा छोड़कर फरार हो गए। बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने घायल युवक को जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया। अस्पताल से सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल युवक ने होश में आने के बाद कुछ आरो. पियों के नाम उज्जवल उर्फ र फ्तार, आकाश, रवन्स, पारस और कुन्नु बताए हैं। पीड़ितलाठी-डंडों से हमला, कर किया घायल पिता-पुत्र पर मारपीट का आरोप।

## घर के बाहर बैठे बाप-बेटे पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मोहल्ला साजिदनगर में घर के बाहर बैठे व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में इंतजार पुत्र सलीम निवासी साजिदनगर ने बताया कि तीन मार्च की शाम करीब छह बजे उसके पिता सलीम घर के बाहर बैठे हुए थे।

आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले के ही फहीम पुत्र युसुफ और समी पुत्र युसुफ वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सलीम के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल को उपचार दिलाने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## कैराना में कूड़ा प्रबंधन को मिली नई रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका परिषद ने नई पहल शुरू की है। सभासदों की मांग पर विभिन्न मोहल्लों में डस्टबिन रखवाए गए हैं और कूड़ा उठाने के लिए 15 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं। अब इन ई-रिक्शा के माध्यम से घर-घर जाकर कचरा एकत्र किया जाएगा, जिससे सड़कों पर गंदगी फैलने की समस्या कम होने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले नगर के कई सभासदों ने मोहल्लों में नियमित कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था लागू कराने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप ने कूड़ा संग्रह के लिए करीब 15 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए हैं। साथ ही विभिन्न वार्डों में डस्टबिन भी भिजवाए गए हैं, ताकि लोग कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डाल सकें। नगर पालिका की इस पहल के तहत अब ई-रिक्शा मोहल्लों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र करेंगे। इससे सफाई व्यवस्था अधिक व्यवस्थित होगी और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।सभासद चौधरी तौसीफ ने बताया कि करीब पांच दिन पहले उन्होंने अन्य सभासदों के साथ मिलकर नगर में कूड़ा उठाने की बेहतर व्यवस्था की मांग उठाई थी। नगर पालिका प्रशासन ने इस पर कार्रवाई करते हुए डस्टबिन और ई-रिक्शा की व्यवस्था शुरू कर दी है, जिससे नगरवासियों को राहत मिलेगी।

## पिता की मौत के गम में घर लौट रहे युवक की बाइक भिड़ी, चार घायल

**कोंथलपुर गुरुद्वारे के पास आमने-सामने की हुई टक्कर, सभी घायलों को सीएचसी ऊन भेजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना-बिडौली मार्ग पर कोंथलपुर गुरुद्वारे के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन भिजवाया, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर चौसाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी जुटाई।

चौसाना क्षेत्र के सकौती गांव निवासी अनिल अपनी पत्नी रीना और भाई विनीत के साथ चौसाना से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक सवार युवक आशीष , जो सहारनपुर जनपद के बड़गांव का रहने वाला है और हरियाणा के करनाल में पंजाब नेशनल बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत बताया गया है। आशीष के परिवार में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया था। दिन में उसके पिता का बड़गांव में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। पिता की मौत की खबर मिलने के बाद आशीष करनाल से अपने गांव के लिए जल्दी-जल्दी निकल पड़ा। बताया जा रहा है कि पिता के अचानक निधन से वह गहरे सदमे और तनाव में था। इसी दौरान जब वह चौसाना-बिडौली मार्ग पर कोंथलपुर गुरुद्वारे के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिर पड़े और चारों को चोटें आईं। राहगीरों ने तत्काल घायलों को उठाकर सीएचसी ऊन पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनास्थल का जायजा लिया और घायलों के परिजनों को सूचना दी।

## दुकान के हिसाब को लेकर विवाद युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव नया गांव में दुकान के हिसाब को लेकर हुए विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में कपिन्दर पुत्र चन्द्रपाल निवासी नया गांव थाना झिंझाना ने बताया कि तीन मार्च की दोपहर करीब एक बजे वह अपने खेत में घास लेने जा रहा था। रास्ते में विकास पुत्र मेघपाल और मेघपाल पुत्र लाल सिंह खड़े मिले।

पीडित ने उनसे दुकान का हिसाब देने की बात कही, जिस पर दोनों आरा. ेपी आगबबूला हो गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विकास अपने घर से बलकटी और चाकू लेकर आया और जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान मेघपाल ने कपिन्दर को पकड़ लिया, जबकि विकास ने उस पर चाकू से कई वार किए। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह उसे बचाया। पीड़ित का आरोप है कि जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने जा रहा था, तब रास्ते में आरोपियों ने उसे रोककर गाली-गलौज की और रिपोर्ट कराने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना झिंझाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की

# रमजान में मुस्लिम बस्तियों में गंदगी से लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पवित्र माह रमजान के दौरान शहर की कई मुस्लिम बस्तियों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था न होने से गंदगी के ढेर लग गए हैं। सड़कों और गली-मोहल्लों में फैले कूड़े-कचरे के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर लोगों में नगर पालिका के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका की लापरवाही के कारण प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन की भावना को भी ठेस पहुंच रही है।



मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि इन दिनों रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। इस महीने में मुस्लिम बस्तियों और कॉलोनियों में विशेष चहल-पहल रहती है। लोग देर रात तक इबादत करते हैं और मस्जिदों में भी नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। ऐसे समय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था होना बेहद जरूरी है, लेकिन नगर पालिका द्वारा नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है।

शुक्रवार को शहर के मोहल्ला कलंदरशाह, पंसारियान और नई बस्ती सहित कई इलाकों में सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हुए दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जुमे के दिन भी नगर पालिका की ओर से सफाई की कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई। सड़कों पर फैली गंदगी के कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और बदबू से भी लोग परेशान रहे। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि कई स्थानों पर सफाई कर्मचारियों की पर्याप्त नियुक्ति नहीं होने के कारण नियमित रूप से सफाई नहीं हो पा रही है। गंदगी लंबे समय तक जमा रहने से संक्रमण फैलने और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मुस्लिम बस्तियों में नियमित और प्रभावी साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि रमजान के पवित्र महीने में लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा फेंकने वालों के खिलाफ नगर पालि. का द्वारा सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय पर उचित कदम उठाए जाएं तो शहर को साफ-सुथरा बनाया जा सकता है और प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान के उद्देश्य को भी सही मायनों में पूरा किया जा सकेगा।

# शामली में जाम के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर में अचानक वाहनों का लंबा जाम लगने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे वाहन चालक घंटों तक अपनी मंजिल तक नहीं पहुँच सके और कई लोग काम या जरूरी कार्य के लिए समय पर नहीं पहुँच पाए। सबसे बड़ी परेशानी तब हुई जब शहर के मुख्य चौराहों पर खड़े रहने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मी नदारद मिले, जिससे जाम को खुलवाना और भी कठिन हो गया। शुक्रवार दोपहर शहर के शिव चौक, फव्वारा चौक, वीवी इंटर कॉलेज रोड, भिक्की मोड़ और धीमानुपरा तक वाहनों की लंबी कतारें लगीं। बड़ी गाड़ियों का निकलना और गन्ना वाहनों का शहर में प्रवेश जाम की मुख्य वजह रहा। वाहन चालकों ने बताया कि कुछ किलोमीटर का सफर घंटों में पूरा करना पड़ा। वाहन चालकों का कहना है कि शहर में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है, लेकिन जाम के समय ट्रैफिक पुलिसकर्मी कहीं दिखाई नहीं देते। इसके विपरीत, छोटी-छोटी चीजों पर ट्रैफिक पुलिस काफी सख्त रहती है। उदाहरण के लिए, अगर कोई छात्र स्कूल से बाइक लेकर निकल जाता है तो तुरंत चालान कर दिया जाता है, जबकि वास्तविक जिम्मेदारी यानी यातायात को सुचारू बनाना कहीं नजर नहीं आता। नागरिकों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या और जाम की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर ट्रैफिक पुलिस समय पर मार्गदर्शन और नियंत्रण करती, तो शहर में जाम का यह हाल नहीं होता। लोगों का कहना है कि प्रशासन और पुलिस को दोनों मिलकर ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे नागरिकों को रोजमर्रा की जिंदगी में होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके। शहरवासियों की यह मांग है कि जाम के दौरान प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए और यातायात सुचारू बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाए।

## हाइवे पर काम कर रहे युवक के साथ दबंगों ने की मारपीट

**शामली।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव गन्देवड़ा में अम्बाला हाईवे पर काम कर रहे एक युवक के साथ कुछ युवकों द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। पीड़ित ने थाना गढ़ीपुख्ता में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया है। सहारनपुर जनपद के थाना नकुड़ क्षेत्र के गांव नवाजपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र राजकुमार ने गढीपुख्ता पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि वह गांव गन्देवड़ा के पास अम्बाला हाईवे पर काम कर रहा था। आरोप है कि बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे गांव गन्देवड़ा के कुछ युवक वहां पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि सावन पुत्र विश्वास, शंकुस पुत्र धर्मेन्द्र, मटरु पुत्र ख्रष्ण, पिंटू पुत्र परवीन, गुरमीत पुत्र प्रवीन, सावन पुत्र बाबूराम, आर्यन पुत्र मांगेराम, गोपी पुत्र मांगेराम, सत्यम पुत्र राजेश और आदेश पुत्र चन्द्रपाल सहित कुछ अज्ञात लोग धारदार हथियार और डंडों से लैस थे। इन लोगों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे काफी चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसका करीब 30 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर गढीपुख्ता पुलिस ने उक्त हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# स्कूटी से टक्कर लगने से हुई कहासुनी में दो भाइयों के साथ जमकर की मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइक और स्कूटी में हुई मामूली सी टक्कर को लेकर हुए विवाद में मंगलौर पुलिस चौकी से कुछ सो मीटर की दूरी पर युवकों के झुंड ने भाइयों के साथ जमकर मारपीट की। बीच सडक पर हो रही मारपीट से अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट कर रहे दो युवकों को दबोच लिया जबकि अन्य युवक फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला पठानपुरा निवासी नवेद खान मंगलौर बस स्टेंड के निकट स्थित एक बाइक एजेंसी पर काम करता है। शुक्रवार की दोपहर नवेद बाइक पर सवार होकर किसी काम से मुजफ्फरनगर चुंगी की ओर जा रहा था इसी दौरान उसकी सामने से अचानक आई बाइक से भिड़ंत हो गई। आरोप है कि स्कूटी पर सवार दो युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए अपने दस बारह साथियों को मौके पर बुला लिया और मारपीट शुरू कर दी।





दुर्घटना की सूचना मिलने पर उसका भाई जावेद मौके पर पहुंचा ओर युवकों के झुंड से उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन हमलावरों ने उस के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। बीच सडक पर हो रही मारपीट की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और बीच बचाओ कराते हुए मारपीट कर रहे दो युवकों को दबौच लिया जबकि अन्य युवक मौके से भाग निकले। पुलिस के मुता. बिक घायल दोनों भाइयों का मेडिकर परीक्षण कराया जा रहा है। तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अकीदत के साथ अदा की तीसरे जुमा की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुकद्दस माह रमजान के तीसरे जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोगों ने नगर की प्रमुख मस्जिदों में पहुंचकर नमाज पढ़ी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

प्रसिद्ध रशीदिया मस्जिद में रमजान के दूसरे जुमा की नमाज प्रख्यात आलिम मुफ्ती अफ्फान मंस. ूरपुरी ने अदा कराई। नमाज के बाद जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी रमजान के दूसरे अशरे (दस) दिन की अहमियत पर खिताब किया। बताया कि यह दूसरा अशरा मगफिरत का है। इसलिए हम सबको चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अपने रब को राजी करते हुए मगफिरत पा लेने की कोशिश करें। कहा कि रमजान में अकीदतमंदों को फिजूल कामों खास कर सडकों पर खाली




फिरने, यार दोस्तों की महफिलों में बैठकर इधर उधर की बातें करने से बचना चाहिए। यह वह अमल हैं जो रोजे की अहमियत खत्म कर देते हैं। नगर की मरकजी जामा मस्जिद में मौलाना अखियार उस्मानी ने नमाज अदा कराई।

नमाज के बाद अकीदतमंदों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर देश में अमन चौन और समृद्धि के लिए दुआएं की। इनके दारुल उलूम की छत्ता मस्जिद, कदीम मस्जिद, दारुल उलूम वक्फ की अत्याबुल मसाजिद समेत नगर की सभी प्रमुख मस्जिदों में अकीदतमंदों ने जुमा की नमाज अदा की। वहीं, नमाज अदा करने के बाद देहात क्षेत्र से आए हजारों लोगों ने बाजारों में जमकर खरीदारी की। सबसे अधिक भीड़ कुर्ता पायजामा, टोपी, इतर आदि की दुकानों पर नजर आई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मस्जिदों व चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा।

# इस्लाम धर्म सबको देता है अमन का पैगामः मुफ्ती कादिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुकद्दस रमजान माह में तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया। मोहल्ला खानकाह में तरावीह पूर्ण होने के अवसर पर सामूहिक दुआ का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने रो-रोकर अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआएं मांगी।

मोहल्ला खानकाह स्थित नजर मंजिल में चल रही तरावीह में मुफ्ती अब्दुल कादिर ने कुरआन पाक मुकम्मल कराया। इसके उपरांत उन्होंने बयान करते हुए कहा कि कुरआन पाक जैसी दूसरी कोई आसमानी किताब न है और न ही कभी होगी। कुरआन में जिस चीज को हजारों साल पहले बता दिया गया वो आज सच साबित होकर पूरी दुनिया के सामने आ रही है। उन्होंने





कहा कि इस्लाम धर्म सबको अमन का पैगाम देता है ओर सही रास्ते पर चलना सिखाता है। इसलिए सभी लोगों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को कुरआन की तालीम जरूर दिलाएं। अंत में मुफ्ती अब्दुल कादिर ने आपसी सौहार्द, भाईचारा और मुल्क में अमनो अमान की दुआ कराई। इसमें नजर फाउंडेशन के चेयरमैन नजम उस्मानी, डॉ. जमील, शाहनवाज उस्मानी, कमर उस्मानी, मो. ईसा, कोकब, नबील उस्मानी, साजिद, राजू, मुजम्मिल सिद्दीकी, अब्दुल्ला उस्मानी, डॉ. अनीस, नासिर, दिलशाद उस्मानी आदि शामिल रहे।

# वैश्विक हालात पूरी मानवता के लिए खतरे की घंटीः गोरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक और प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मौजूदा वैश्विक हालात, विशेषकर ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह पूरी मानवता के लिए खतरे की घंटी है।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने जारी अपने बयान में कहा कि आज दुनिया जिस तरह के युद्ध और टकराव की आग में झोंकी जा रही है वह केवल एक क्षेत्र की समस्या नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए खतरे की घंटी है। इतिहास गवाह है कि जब भी बड़ी ताकतों ने अपनी शक्ति और प्रभुत्व दिखाने के लिए युद्ध का रास्ता अपनाया उसका सबसे बड़ा खामियाजा आम इंसानों को भुगतना पड़ा है और आज भी वही दृश्य दुनिया के सामने है। मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि इस्राइल और अमेरिका का रवैया अकसर ऐसा दिखाई देता है जैसे वे अपनी ताकत के घमंड में पूरी दुनिया को अपनी नीतियों के अनुसार चलाना चाहते हों। किसी भी मुल्क को यह हक नहीं होना चाहिए कि वह अपनी ताकत के दम पर दुनिया को अस्थिर कर दे।

उन्होंने कहा कि ईरान के साथ जो घटनाएं पेश आई हैं उनकी निंदा की जानी चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में न्याय, संतुलन और संवाद का रास्ता ही सभ्य समाज की पहचान हैकिहा कि यह समझना बहुत जरुरी है कि युद्ध कभी भी स्थायी समाधान नहीं देता। जंगें



अकसर समस्याओं को और उलझा देती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कूटनीतिक क्षमता और वैश्विक सम्मान का उपयोग करते हुए इन देशों को बातचीत की मेज पर लाने के प्रयास करने की अपील की है।

# प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य स्व. डॉ. नृपेंद्र वर्मा को पुण्यतिथि पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य समाजसेवी और शिक्षाविद स्व. डॉ. नृपेंद्र कुमार वर्मा की पुण्यतिथि पर आज स्योहारा सहित पूरे क्षेत्र के लोगों ने उन्हें गहरी श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया।

कम उम्र में ही स्योहारा को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले डॉ. नृपेंद्र वर्मा ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। लगभग 25 वर्ष की आयु में यहां आकर उन्होंने चिकित्सा सेवा की शुरुआत की और देखते ही देखते वह नगर के सबसे विश्वसनीय और लो. कप्रिय चिकित्सकों में गिने जाने लगे। उनकी सादगी और सेवा भावना का



अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह साइकिल से घर-घर जाकर मरीजों का उपचार करते थे। गरीब हो या अमीर हर व्यक्ति के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहते थे, उनके लिए चिकित्सा केवल पेशा नहीं बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम थी। चिकित्सा और सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए वर्ष 1988 में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने अपनी पत्नी स्व. धर्मवती की स्मृति में मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की परंपरा शुरू की और अपने पिता चौधरी रघुवंश सिंह की स्मृति में वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. नृपेंद्र वर्मा आरएसपी इंटर कॉलेज के आजीवन अध्यक्ष भी रहे और उन्होंने संस्था के विकास तथा शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बीएससी संकाय के तीसरे एवं पांचवें सेमेस्टर की छात्राओं ने बाजी मारी

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित सत्र 2025 - 2026 के परीक्षाफल में एस.डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के बीएससी गृहविज्ञान तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा एवं सभी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तृतीय सेमेस्टर में जेबा ने 69.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सपना रानी ने 64 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं रानी वर्मा ने 63.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पंचम सेमेस्टर में रीतिका ने 734 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सृष्टि ने 68.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं फराह ने 66.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में एक



सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डीन डा. नवनीत वर्मा एवं संकाय की समस्त शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सभी छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी छात्राओं को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्राओं व सभी शिक्षकों के कठिन परिश्रम का परिणाम है तथा भविष्य में भी सभी छात्राओं को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा तथा साथ ही साथ यह भी बताया कि समर्पण सफलता की यात्रा का एकमात्र यंत्र हैं व उत्साह और कड़ी मेहनत के बिना कोई भी सफलता हासिल नही कर सकता। अतः उन्हें भविष्य में इसी प्रकार से नित नई ऊचाईयों को पाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। अंजू कुमारी, नीतू शर्मा, शिवांगी वशिष्ठ, शिवांगी पुण्डीर, डा0 श्वेता संगल, शाजिया रहबर, नीलू राठी आदि मौजूद रहे।

# खामेनेई की मौत पर शेरबाज ने जताया शोक

## शिया समुदाय ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शिया समुदाय ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु के बाद पूरे विश्व में शोक व चिंता जतायी जा रही है। ऐसे में भारत सरकार भी अपने स्तर से विश्व में शांति एवं सद्भाव हेतु आगे आये और कदम उठाये।

आज बाद नमाज ए जौहर महल सादात पहुंचे शेरबाज पठान ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उधर शिया सुन्नी समुदाय निवासी महल सादात मौहल्ला काजीजादगान निवासियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन में भारत सरकार से ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की हाल ही में हुई मृत्यु पर कहा कि विश्व भर में शोक का माहौल है।





इस घटना से लोगों की भावनाएं आहत हुई है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता व्यक्त की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर भारत सरकार इस विषय पर उचित संवेदना व्यक्त करने तथा विश्व में शांति और सद्भाव बनाये रखने के लिये आवश्यक कदम उठाये।

इस मौके पर महल सादात में आजाद समाज पार्टी नेता शेरबाज पठान ने पहुंचकर अपनी ओर से संवेदना व्यक्त की। इससे पहले आसपा जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर अपनी पूरी टीम के साथ महल सादात पहुंचे थे तथा अपनी ओर से ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। महल सादात में इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिया समुदाय के बुजुर्ग महिला पुरूष, युवा शामिल रहे। वहीं सुन्नी समुदाय से भी बड़ी तादाद में युवाओ ने अपनी शिरकत की।

# बिजनौर क्षेत्र में एम्स स्तर के अस्पताल की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर क्षेत्र सहित आसपास के जिलों में गंभीर बीमा. रियों के उपचार के लिए उच्च स्तरीय सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा है। कैंसर, हृदय रोग, गुर्दा रोग, मस्तिष्क संबंधी बीमारियां दुर्घटनाएं तथा अन्य जटिल रोगों से जूझ रहे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मजबूरन दिल्ली, मेरठ, लखनऊ और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। समय पर समुचित उपचार न मिल पाने के कारण कई मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है और कुछ लोग अपनी जिंदगी की जंग भी हार जाते हैं। देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में से एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में उपचार की सुविधा उपलब्ध है लेकिन वहां तक पहुंच पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। लंबी दूरी तय करना, इलाज के लिए लंबा इंतजार और रहने-खाने की अतिरिक्त व्यवस्था मरीज और उनके परिजनों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। कई बार गंभीर मरीजों के लिए इतनी लंबी यात्रा करना भी जोखिम भरा साबित होता है। देश में दिल्ली के अलावा ऋषिकेश, भोपाल, पटना, रायपुर, जोधपुर सहित कई शहरों में भी एम्स संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं जिससे उन क्षेत्रों के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में मिल रही हैं। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों का मानना है कि यदि बिजनौर क्षेत्र में भी एम्स स्तर का अस्पताल स्थापित किया जाए तो लाखों लोगों को समय पर जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजनौर जनपद भौगोलिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है और यहां आसपास के कई जिलों के मरीज उपचार के लिए आते हैं।

## एक नजर

### बी.फार्मा. तृतीय सेमेस्टर में सूफियान प्रथम



**बिजनौर।** एकेटीयू द्वारा बी.फार्मा. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बताया कि कृष्णा फार्मेसी कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें सुफियान ने 8.44 एसजीपीए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्ष चौहान ने 8.26 एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय एवं पायल ने 8.19 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर कालेज संस्थापक राजीव कुमार कालेज प्रबंधक मनोज कुमार प्रबंध निदेशक पवन कुमार प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन कर बधाई दी। छात्रों ने इस सफलता के लिए अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनो का सहयोग बताया। फार्मेसी के प्रवक्ता शहीर अहमद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, मौ. खालिद, दीपक कुमार गुप्ता, नीरज चौहान, डा. ऐमन सिफत, पियूष कुमार एवं रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### डिवाइडर से टकराकर मौत

**नजीबाबाद।** भागूवाला में बाइक सवार एक युवक के डिवाइडर से टकराने से उपचार के दौरान मौत हो गई। बीती रात भोपाल सिंह बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहा था, जैसे ही वह भागूवाला में निर्माणाधीन टोल के पास पहुंचा, तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे भोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तथा गंभीर रूप से घायल को एम्बुलेंस से ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान घायल भोपाल सिंह (56 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी आजाद बस्ती नगीना की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रतिमा का अनावरण 23 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** आगामी 23 मार्च को प्रातः दस बजे मेरठ के सकोती टांडा स्थित किसान हितकारी इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा निर्मित उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव डॉ. विकुल मलिक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री महाराजा विश्वेन्द्र सिंह शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी, नागौर सांसद, हनुमान बेनीवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री, चौधरी विरेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। डॉ. विकुल मलिक ने जनपद बिजनौर के जाट समुदाय के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# लाल सड़न रोग के विरुद्ध बीज क्रांति

**चांदपुर।** चांदपुर क्षेत्र की गन्ना खेती को पुनर्जीवित करने के एक बड़े अभियान के तहत ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वी.एम. पाठक ने रोगग्रस्त को.0238 किस्म को उच्च उपज वाली और रोग-प्रतिरोधी किस्मों से बदलने के लिए एक व्यापक सामूहिक प्रयास की सराहना की है। महिला स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व ग्राम बसेड़ी और ईसापुर के महिला स्वयं सहायता समूहों ने रोगमुक्त गन्ना पौध तैयार करने के लिए एक बड़े पैमाने पर पहल शुरू की है। पिछली प्रमुख किस्म को. 0238 पर लाल सड़न के घातक प्रभाव को देखते हुए, ये समूह अब कोशा 18231, कोशा 19231, को. 0118 और कोस 13235 जैसी उन्नत किस्मों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ट्राइकोडर्मा जैसे जैव-एजेंटों और थियोफैनेट-मिथाइल जैसे कवकनाशकों का वैज्ञानिक पद्धति से उपयोग करके, ये महिलाएं किसान समुदाय के लिए स्वस्थ पौध की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वी.एम. पाठक ने वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक (चांगीपुर) एस. एम. जैदी के साथ मिलकर नई किस्मों को अपनाने में हुई प्रगति का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम तंगौरौला के किसान अनिल कुमार पुत्र तुकमान सिंह ने को.0118 किस्म का एक बीज आरक्षित प्लॉट सफलतापूर्वक विकसित किया है।

# नहटौर के लाल धर्मवीर सिंह का कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के अपने स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ग्लेमरस' (Glamorous) को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया।

दिल्ली में इस भव्य कार्यक्रम में जहां देश के कई दिग्गज सांसदों और विधायकों की मौजूदगी रही। वहीं जनपद बिजनौर के नहटौर क्षेत्र (ग्राम शेखपुरा नारायणखेड़ी) के युवा कलाकार धर्मवीर सिंह ने अपनी अद्भुत मिमिक्री से पूरे सदन को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संभालते हुए धर्मवीर सिंह ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के प्रसिद्ध संवादों को अपने खास अंदाज में पेश किया। जब उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के स्टाइल में कहा- 'बाप का, दादा का, भाई का, सबका बदला लेगा रे तेरा फैजल' तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनकी इस प्रस्तुति ने न केवल अतिथियों का मनोरंजन किया, बल्कि यह भी दिखाया कि ग्रामीण भारत की प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचों पर चमकने के लिए तैयार है।

शेखपुरा नारायणखेड़ी के धर्मवीर सिंह की इस सफलता की खबर जैसे ही नहटौर पहुँची, पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि धर्मवीर ने अपनी मेहनत से गांव का नाम रोशन किया है।

**दिग्गज नेताओं ने किया सम्मानित**

धर्मवीर सिंह की इस प्रतिभा और उनके आत्मविश्वास को देखते हुए कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और अतिथियों ने उन्हें सम्मानित किया। नहटौर जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अपनी पहचान बनाना क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

**स्वदेशी क्रांतिः क्यों खास है 'ग्लेमरस' ऐप?**

**डिजिटल आजादीः** यह ऐप फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का एक मजबूत भारतीय विकल्प है।

**सुरक्षा और निजताः** भारतीय सर्वर होने के कारण यूजर्स का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

**नेताओं का समर्थनः** कार्यक्रम में भारी संख्या में सांसदों और विधायकों की उपस्थिति यह संकेत देती है कि भविष्य में यह ऐप सरक. ारी सूचनाओं का भी प्रमुख केंद्र बनेगा।

# विश्व कप फाइनल खेलना मेरा सबसे बेहतरीन पल होगा: संजू



● संजू सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल अहमदाबाद में खेलेंगे

**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 विश्वकप के सुपर आठ और सेमीफाइनल मुकाबले में मैच विजई पारी खेलने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि फाइनल में खेलना मेरे सबसे बेहतरीन पलों में एक है। सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेंगे।

सैमसन अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्वकप फाइनल को लेकर कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे बेहत. रीन पलों में से एक है। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं इस प्रारुप बहुत लंबे समय से खेल रहा हूं। मैंने लगभग 300 या 400 टी-20 (328) खेले हैं। मैंने एक से लेकर छह नंबर तक के क्रम में बल्लेबाजी की है। मैंने आईपीएल फ्रैंचाइजी 'राजस्थान रॉयल्स' की कप्तानी भी की है। इसलिए मुझे अनुभव है कि किसी समय टीम को क्या चाहिए और इस एकादश में मेरी सटीक भूमिका क्या है। वही स्पष्टता आपको अपने तरीके से रन बनाने में मदद करती है। संजू सैमसन ने पिछले रविवार विंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और फिर गुरुवार शाम सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 89 रन बनाकर लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने शुरुआत में ही समझ लिया था कि इस पिच पर कम से कम 250 का स्कोर करना होगा। उन्होंने कहा कि यह मैच पूरी तरह अलग था। जब आप वानखेड़े में पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो आपको पता होता है कि यहां कोई भी स्कोर काफी नहीं होता। इसलिए जब मुझे शुरुआत मिल गई, तो मैं उसका लाभ उठाना चाहता था। मैं जितने अधिक छक्के और चौके लगा सकता था, लगाने का प्रयास किया। मैच पावरप्ले में ही जीता और हारा जाता है। इसलिए जब आप तीन या चार गेंदें देख लेते हैं, तो फिर हमला शुरू कर देते हैं। कभी नतीजा आपके खिलाफ जाता है और कभी आप जीतते हैं। लेकिन आप अपने स्वभाव या गेमप्लान को नहीं बदल सकते क्योंकि हमारे पास नंबर आठ तक बल्लेबाजी कर है। इसलिए अगर आपका दिन है तो टीम को आगे ले जाओ, नहीं तो दूसरों का साथ दो।

# बुमराह सहित सभी गेंदबाजों ने मैच में कराई वापसी: सूर्यकुमार यादव

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने जसप्रीत बुमराह के किफायती स्पैल की सराहना की। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और अन्य गेंदबाजों ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए मैच में हमारी वापसी कराई। अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी हृदय गति 160 के करीब थी।

सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को सात रनों से हराने के बाद भारतीय कप्तान ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास है। फाइनल के लिए अहमदाबाद जाना लड़कों के लिए बहुत खास है। मैंने हैरी से मजाक में कहा कि बताओ तुम्हारे खिलाफ हमें और कितने रन बनाने चाहिए। वे हमेशा मैच में बने हुए थे। चेज में भी लगातार बने रहे। लेकिन जिस तरह बुमराह, अर्शदीप और शेष



● कहा : अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी दिल की धड़कन 160 की करीबी थी

गेंदबाजों ने मैच को वापस खींचा, वह अविश्वसनीय था। यह एक खास गेंदबाजी प्रदर्शन था। अक्षर द्वारा पकड़े गए कैच के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप को भी थोड़ा श्रेय देना पड़ेगा। वह टीम के साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। मैं बहुत नर्वस था। अगर कोई मेरी हृदय गति चेक करता तो पता चलता कि यह आसानी से 160 के करीब होता। 89 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने कहा कि ऐसी पारी खेलने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है।

पिछले मैच से मैं अच्छी लय में हूं। मैंने सोचा कि जो लय मुझे मिली है, उसका पूरा लाभ उठाया जाए। हमें पता था कि इस मैदान पर कोई भी स्कोर छोटा है। उसी कारण से हम जितना हो सके रन बनाना चाहते थे। आपको यह जल्द से जल्द पहचानना होता है। यहां लक्ष्य का पीछा करना बेहद आसान होता है। किशन और मेरी साझेदारी अच्छी थी। साथ ही मुझे लगता है कि इस जीत का श्रेय बुमराह को जाता है। अगर डेथ ओवर में उस तरह की गेंदबाजी नहीं करते तो शायद हम नहीं जीतते।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ब्रिटेन की कार्टल व फर्नले इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ब्रिटेन की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी सोनाय कार्टल और जैकब फर्नले ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स के दूसरे राउंड में जगह बना ली। 24 साल की कार्टल ने थाईलैंड की लैनलाना तरारुडी को 6-4, 6-4 से हराया। अब अगले दौर में उनका मुकाबला अमेरिका की 20वीं सीड एम्मा नवारो से होगा। लेकिन ब्रिटिश नंबर दो खिलाड़ी के लिए यह मुकाबला आसान नहीं था, उन्होंने 4-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक घंटे 48 सेकंड में यह जीत हासिल की। वहीं पुरुष वर्ग में जैकब फर्नले ने बोस्निया के दामिर जुम्हुर को 6-3, 6-3 से हराया। अगले दौर में फर्नले का मुकाबला अमेरिका की सातवीं सीड टेलर फ्टि्ज से होगा। हालांकि, साथी ब्रिटिश खिलाड़ी फैन जोन्स को अमेरिकी क्वालिफायर कायला डे से सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा।

### आईसीसी ने टी-20 विश्व कप फाइनल मैच के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्वकप क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने कहा है कि इंग्लिश जोड़ी रिचर्ड इललगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इललगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल की जिम्मेदारी संभालेंगे, इससे पहले 2024 में क्रिस गैफनी के साथ अंपायर रहे थे। इससे पहले वे आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप

# ऐनाबेल-लूसी ने भारत को 198 पर रोका

● डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गवां दिए





**पर्थ, ऑस्ट्रेलिया।** ऐनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) और लूसी हैमिल्टन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले जा रहे एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 198 के स्कोर पर रोक दिया। डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गंवा दिए। सायली सातघरे (सात) को सदरलैंड ने आउट किया। इसके बाद 63वें ओवर की चौथी गेंद पर डार्सी ब्राउन ने क्रांति गौड़ (एक) को आउटकर 198 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। काश्वी गौतम ने 54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। यहां इससे पहले जेमिमाह रॉड्रिग्स (52) और शेफाली वर्मा (35) की जूझारू पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने डिनर तक आठ विकेट पर 184 रन बना लिए थे। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करनी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ही ओवर में 18 के स्कोर पर स्मृति मंधाना (चार) का विकेट गंवा दिया। उन्हें लूसी हैमिल्टन ने आउट किया। इसके बाद शेफाली वर्मा और प्रतिका रावल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने शेफाली वर्मा (35) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। प्रतिका रावल (18) को भी सदरलैंड ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज नियमित अंत. राल पर विकेट गंवाते रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर (19), दीप्ति शर्मा (सात), )चा घोष (11) और स्नेह राणा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने भारत के लिए सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। उन्होंने 84 गेंदों का सामना किया।

## दा वन स्पोर्ट्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी की

**जम्मू, वार्ता।** क्रिकेटर शिखर धवन द्वारा स्थापित 'दा वन स्पोर्ट्स' ने छात्रों के लिए बहु-खेल विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसके लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिला स्थित जंगलोट के आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ रणनी. तिक साझेदारी की है। यह पहल क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे युवा एथलीटों को पेशेवर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। योग्य कोचो द्वारा अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन को निखारने के लिए तैयार यह कार्यक्रम कई खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिटन, टेनिस और गोल्फ शामिल हैं। 'दा वन ग्रुप' के अध्यक्ष शिखर धवन ने कहा कि भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने के लिए अनुशासन, अवसर और युवा एथलीटों के विकास के लिए सही माहौल की मजबूत नींव की आवश्यकता होती है, विशेषकर जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों में जरूरी है, जहां संभावनाएं असीमित हैं। 'दा वन ग्रुप' की मुख्य कार्यकारी अंशिता गुप्ता ने कहा कि हमें आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। यह ऐसा संस्थान है, जो अनुशासन, उत्कृष्टता और खेल उपलब्धियों की भारतीय सेना की दीर्घकालिक विरासत को दर्शाता है।

# डायने पैरी ने वीनस विलियम्स को किया इंडियन वेल्स से बाहर



● डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को पहले दौर में हराकर बाहर किया

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** फ्रांस की टेनिस खिलाड़ी डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर के मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है।

फ्रांस की डायने पैरी ने गुरुवार को दो घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका की वीनस को 3-6, 6-7 (4), 1-6 से हराया। इसी के साथ वीनस का बीएनपी परिबास ओपन 2026 में अभियान समाप्त हो गया। बीएनपी परिबास ओपन को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स में पदार्पण के 30 साल बाद की वापसी थी। उन्होंने पहली बार 1996 में 15 वर्ष की उम्र में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। उन्हें इस टूर्नामेंट के एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया गया था।

# भारतीय महिलाएं आज जापान से भिड़ेंगी



महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मैच में मजबूत जापान से भिड़ेगी

**पर्थ, (ऑस्ट्रेलिया), वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी। फीफा महिला वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं। नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं। वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है।

वाल्वेर्डे ने कहा कि हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पज़ेशन रखना पसंद करती है। उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा। हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे। हम गेम के पहले मिनट से ही कोशिश करेंगे। हमें अपनी एनर्जी अपनी टीम पर फोकस करने की आवश्यकता है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम घोषित की

अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया, हुसैन ने आखिरी बाद दिसम्बर 2024 में वनडे मैच खेला

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मार्च से शुरु हो रही तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।

बांग्लादेश चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ ने बताया कि अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया है। हुसैन ने आखिरी बार दिसम्बर 2024 में एकदिवसीय मैच खेला था, महिद. ुल इस्लाम को टीम में बरकरार रखा गया है। इसके अलावा लिटन दास भी खराब फॉर्म के बावजूद टीम में जगह बनाए हुए हैं। चोटिल नुरुल हसन, जैकर अली अनिक और शमीम हुसैन बाहर हो गए हैं। इन दोनों के महीने के आखिर तक पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। हुसैन ने स्पष्ट किया कि लिटन दास के हालिया एकदिवसीय फॉर्म पर सवाल हो सकते हैं, लेकिन वह अपने खेल पर कोचों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमें लगता है कि वह जल्द ही इस प्रारुप में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और हम मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने के लिए उन्हें एक ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं। अफिफ़ के पास अनुभव है और वह अभी अच्छी लय में दिख रहे हैं। महिदुल इस्लाम को रिटेन किया गया है और यह उनके लिए अपनी काबिलियत को पूरा करने का एक अच्छा मौका है।

## श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) ने इंटर कॉलेज कबड्डी खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) ने दिल्ली यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट 2026 में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया। आर्यभट्ट कॉलेज में तीन दिनों तक चले राउंड रोबिन लीग मुकाबलों में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम स्थान इस प्रकार रहे: प्रथम: श्याम लाल कॉलेज (प्रात:)। द्वितीय: डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज। तृतीय: हंसराज कॉलेज। श्याम लाल कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 41-22 से और आईजीआईपीईएसएस को 30-21 से हराया। एक लीग मैच में डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज को 29-26 से मात दी। श्याम लाल कॉलेज के अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। श्याम लाल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रबि नारायण कर ने टीम को चैंपियन बनने पर बधाई दी।

# वैलेंटोवा को हराकर वेकिक इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में



● डोना वेकिक न कनाडा की टेरेजा वैलेंटोवा को 7-6(4), 7-6 (4)हराकर अगले दौर में प्रवेश किया

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** क्रोएशिया की टेनिस खिलाड़ी डोना वेकिक ने बीएनपी परिबास ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में टेरेजा वैलेंटोवा को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन के स्टेडियम 3 में गुरुवार को क्रोएशियाई वेकिक ने दो घंटे 38 मिनट के रोमांचक मुकाबले में कनाडा की वैलेंटोवा को 7-6 (4), 7-6 (4) से हराया। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने अक्टूबर में चेन्नई ओपन के बाद अपनी पहली टूर-लेवल जीत हासिल की। दूसरे राउंड में वेकिक का सामना जेसिका पेगुला से होगा।

## अवसर बढ़ाने का हिस्सा है खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : मांडविया

● खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भारत के अधिकांश राज्यों और केंन्द्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के तीन शहरों में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 'अवसर और दायरे को बढ़ाने का हिस्सा' है।

छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से छह अप्रैल तक होने वाले पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सात पदक स्पर्धाए एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती होंगी। इसके अलावा दो डेमो गेम मल्लखंभ और कबड्डी भी आयोजित किए जाएंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। डा. मांडविया ने गुरुवार को कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हमारे बढ़ते हुए प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य हर उस युवा को अवसर और मंच प्रदान करना है जो खेलना चाहता है। यह पीएम के विकसित भारत के विजन का हिस्सा है, और इस यात्रा में खेलों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना बेहद अहम है और हमारे खिलाड़ी आधार का लगातार विस्तार समय की आवश्यकता है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आदिवासी समुदायों के प्रतिभाशाली युवाओं की जल्द पहचान हो, उन्हें व्यवस्थित तरीके से समर्थन मिले और उन्हें राष्ट्रीय खेल ढांचे में शामिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) का लोगो, थीम सॉन्ग और मैस्कॉट 23 दिसम्बर को बिलासपुर के बी-आर- यादव स्पोर्ट्स स्टेडियम में औपचारिक रूप से लॉन्च किया।

# मानसिक रूप से मजबूत रहने की वजह से सैमसन ने हालिया परिणाम दिए : रवि शास्त्री



● कहा : संजू को अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि बल्लेबाजी करते समय संजू सैमसन मानसिक रूप से अधिक मजबूत हैं और टी-20 विश्वकप में उनके हालिया परिणाम इसी बदलाव की वजह से आए हैं। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह एहसास हो गया है और वे इस बात को मान रहे हैं कि उन्हें और अधिक एकाग्र होने की आवश्यकता है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा।

संजू के साथ बात यह है कि उनके पास हर शॉट आता है, लेकिन एकाग्रता में कमी रह जाती है। मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप मजबूत हो गया है और जब से वह टीम में आया है, तब से किसी को भी उसके कौशल या प्रतिभा पर शक नहीं हुआ है। शास्त्री ने कहा है कि उसका सर्वश्रेष्ठ फॉर्म अभी बाकी है क्योंकि भारतीय टीम में उसकी भूमिका अब साफ तौर पर तय है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी सिर्फ 31 साल का है और एक असली मैच-विनर है। और जब आप (आज) जैसे शॉट खेलते हुए देखते हैं, तो उसमें क्लास, टच, पावर और जबरदस्त फोर्स दिखती है। यह बस अविश्वसनीय है। हालांकि सैमसन का फॉर्म भारत के लिए एक सुखद सरप्राइज रहा है, लेकिन साथी ओपनर अभिषेक शर्मा की हालिया कोशिशें न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्वकप के फाइनल से पहले कुछ चिंता का विषय हैं। अभिषेक ने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप में सात पारियों में सिर्फ 89 रन बनाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत की एकादश में बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है और नंबर वन रैंक वाले टी-20 बल्लेबाजो को ब्लैक कैप्स के खिलाफ टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें अब बस उसके साथ बने रहना होगा। कोई बदलाव न करें क्योंकि टीम अच्छा खेल रही है। उसी पर टिके रहें और बस उसे बताएं कि अपनी काबि. लियत पर विश्वास करें, अपनी ताकत पर विश्वास करें और अपनी ताकत का साथ दें। हम आपका साथ देते हैं, आप अपनी ताकत का साथ दें और वहां जाकर खेलें। आखिरी गेम आपके लिए सबसे अच्छा गेम हो सकता है।

## रमजान मुबारक



**अठारहवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.15 |
| | शिया | 5.7 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.24 |
| | शिया | 6.37 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा के सहारनपुर आगमन पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

रेलवे स्टेशन पर उनके आगमन पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सैनी, कुंवर बृजेश सिंह, विधायक राजीव गुम्बर, देवेंद्र निम, कीरत सिंह, महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, प्रदीप चौधरी के साथ खुले वाहन में सवार होकर घंटाघर, कोर्ट रोड होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचे। इस दौरान अनेक स्थानों पर माला पहनाकर व फूल बरसा कर उनका स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर हवन, पूजन के बाद निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सैनी ने अजित राणा को जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कराया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा ने कहा





कि वह प्रदेश नेतृत्व के आभारी हैं जो उन्हें यह दायित्व दिया गया। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और यह केवल भाजपा में ही संभव है कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर किसी भी पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर वह संगठन को और अधिक मजबूती देने का काम करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव चेयरमैन राजपाल सिंह जुड्डा, पूर्व महापौर संजीव वालिया, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व विधायक नरेश सैनी, नकुड़ चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता, देवबंद चेयरमैन विपिन गर्ग, अभय राणा आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस अडडा व डिपो का अभाव

**नकुड़।** कस्बे में रोडवेज बस अड्डा और डिपो का अभाव यात्रियों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनता जा रहा है। साथ ही बस चालकों व परिचालकों की मनमानी से परिवहन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा फायदा डग्गामार वाहन उठा रहे हैं।

नगर आए दिन सुबह के समय सहारनपुर रोड स्थित सरसावा तिराहे के पास चार पांच रोडवेज बसें खड़ी दिखाई देती हैं। जिनमे सवारियां कम होने के बावजूद भी मिनटों के अंतराल में सहारनपुर के लिए ये से रवाना हो जाती हैं। जबकि दिन के समय सहारनपुर और गंगोह जाने वाले यात्रियों को आधा आधा घंटा तक बस का इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं शाम के समय स्थिति और भी बदतर हो जाती है जब गंगोह से सहारनपुर वाया नकुड़ चलने वाली बसों के बीच अंतराल एक घंटे से भी अधिक हो जाता है। रोडवेज की इस अव्यवस्था का फायदा उठाकर डग्गामार वाहन सवारियां ढो रहे हैं।

# रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज में अल्लाह की बारगाह में मांगी अमन की दुआएं











**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर ।** मुकद्दस रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को जिलेभर में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने देश में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगी। नमाज को लेकर प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। नमाज को देखते हुए मस्जिद परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया था। नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। दोपहर करीब एक बजे मस्जिद के इमाम कारी अरशद गोरा की अगुवाई में जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान नमाजियों ने देश में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगी।

नमाज के बाद कारी अरशद गोरा ने रमजान माह का महत्व बताते हुए कहा कि मुकद्दस रमजान खुदा की इबादत का सबसे पवित्र महीना होता है। इस महीने में सच्चे दिल से इबादत करने पर अल्लाह बंदों के गुनाह माफ कर देता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक रोजे रखने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में जकात, फितरा और सदका अवश्य निकालना चाहिए, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता हो सके।

इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा कर देश में अमन-चौन और खुशहाली की दुआएं मांगी। नमाज के बाद बाजारों में लोगों की भीड़ देखने को मिली और लोगों ने त्योहार को लेकर जमकर खरीदारी की।

**नकुड़।** माहे रमजान के तीसरे जुमे पर कस्बे का माहौल पूर अमन रहा। नगर की जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने पुरसुकून माहौल में जुमे की नमाज अदा की। नमाज के बाद रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर अपने गुनाहों की माफी मांगी और मुल्क की अमन-ओ-सलामती, तरक्की व खुशहाली के लिए खास दुआएं की।

शुक्रवार को नगर की जामा मस्जिद में हजारों नमाजियों ने जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुनव्वर हुसैन की इमामत में जुमे की नमाज अदा करी। नमाज से पहले अपने खुत्बे में उन्होंने कहा कि रमजान का तीसरा अशरा बड़ी अहमियत और फजीलत का होता है। यह जहन्नम से निजात का अशरा है इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि इन दिनों में खास तौर पर तौबा- इस्तिगफार करें रातों में इबादत कर अल्लाह से मगफिरत की दुआ मांगें। उन्होंने कहा कि इस अशरे में लैलतुल कद्र जैसी बरकतों वाली रात भी आती है जिसकी इबादत हजार महीनों की इबादत से अफजल है। अपने बयान में मौलाना ने कहा कि इस्लाम की तालीमात का मकसद यह है कि समाज में कोई इंसान भूखा न रहे। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वे जकात, सदकघ और फितरा के जरिए गरीब, यतीम और मुस्तहिक लोगों की मदद करें, ताकि समाज में हमदर्दी का पैगाम मजबूत हो सके।

इसके अलावा जुमे की नमाज लक्कड़ वाली मस्जिद, शेख जादगान मस्जिद, मरकज मस्जिद बंजारान, इमली वाली मस्जिद, कघ्लंदर वाली मस्जिद, मदनी मस्जिद, पीर वाली मस्जिद, हमजा मस्जिद, उमर मस्जिद, बस स्टैंड वाली मस्जिद, जोगियान मस्जिद, ढाप वाली मस्जिद, पठानों वाली मस्जिद में भी अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद बाजारों में रौनक बढ़ गई और रोजेदारों ने इफ्तार के लिए जमकर खरीदारी की। रमजान के चलते नगर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया। जबकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन शाहनवाज खान, हाजी याकूब कुरैशी, पूर्व सभासद अफजाल निजामी, सभासद राव जीशान, अर्सलान खान, अमजद खान, राव साबिर, इसरार कुरैशी, भाई जी फोरमैन, लियाकत निजामी, मुतवल्ली नईम निजामी, जमील अहमद आदि रहे।

**चिलकाना।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रमजान के तीसरे जुमा पर मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ दिखाई दी। हजारों नमाजियों ने सजदा कर मुल्क की सलामती, तरक्की, अमन चौन व भाईचारे की दुआए मांगी।

शुक्रवार को पाक माह रमजान के तीसरे जुमा पर क्षेत्र की सभी मस्जिदे नमाजियों से भरी हुई नजर आई। सुबह के समय से ही नमाजी लोग मस्जिदों की ओर आना शुरू हो गए थे। जुमा की नमाज के बाद हजारों लोगों ने एक साथ हाथ उठाकर कर मुल्क की तरक्की, खुशहाली व अमनो अमान के लिए दुआए मांगी। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुहम्मद मुअव्वज ने अपने बयान में रमजान की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह महीना सब्र, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देता है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने, जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में शांति कायम रखने की अपील की। इस दौरान मौलाना ने कहा कि जिन लोगों पर जकात वाजिब है वह ईद से पहले पहले अपनी पूरी जकात का पैसा मुस्तहिक लोगों को दे दे, और फितरा भी अदा कर दे।नमाज के समय सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस के जवानों का पहरा दिखाई दिया। सुबह के समय से ही पुलिस टीम के जवान गस्त करते हुए भी नजर आये। रमजान के मुबारक मौके पर पूरा माहौल इबादत और आध्यात्मिकता से सराबोर नजर आया।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण इलाकों मे मुकद्दस माहे रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज मुसलमानों ने बड़े शिद्दत और हजारों अकघीकत के साथ अ अदा की, गई। इस दौरान हजारों हाथ मुल्क की खुशहाली और तरक्की के लिए अल्लाह की बारगाह में उठे। इस दौरान सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के आस पास पुलिस तैनात रही। नमाज के बाद रोजेदारों ने ईद के सामान की खरीदारी की गई। रमजान माह के तीसरे जुमा की नमाज हजारों नमाजियों ने नमाज अदा की गई। मस्जिदों मे नमाज से पहले सदका और जकात के बारे मे बताया है।

कस्बे की मस्जिद जाहिदीयह में जुमे की नमाज पहले मुफ्ती मोहम्मद आमिर ने बयान करते हुए कहा कि हर मुसलमान को अपने माल में से ढाई प्रतिशत जकात अपने गरीब रिश्तेदारों अपने पड़ोसियों को देनी चाहिए कहा कि जिस किसी के पास साढ़े 52 तोला चांदी हो या उसके बराबर पैसे हो उस शखघ्स को हर हालत में जकात देनी वाजिब है। उन्होंने कहां कि रमजान में शबे कघ्दर की रात हजारों साल से के बराबर है इसमें अल्लाह हमें अपनी नियमतों से नवाजता है उन्होंने कहा कि हर मोमिन मुसलमान को शबे कादर की रात को ज्यादा इबादत करनी चाहिए। कस्बे की शाही जामा मस्जिद में शाही इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी,बस स्टैंड वाली मस्जिद में मुफ्ती असजद,जाहिदिया मस्जिद में मुफ्ती आमिर,मस्जिद अबुबकर में कारी सनाउल्लाह, इमामबाड़े वाली अली शान मस्जिद में कारी तस्लीम,मनिहारान मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद शादाब,मदरसा कसरुल उलूम में काजी मोहम्मद साजिद,उमर फारूक मस्जिद में कारी उस्मान ने नमाज अदा कराई। स। ग्रामीण इलाकों में संसारपुर, कलसिया, मिर्जापुर, रायपुर, बादशाही बाग, ताजपुरा, मुजफ्फराबाद, मगन, सलेमपुर, दबकोरा, सुल्तानपुर माली, गंदेवड़ आदि गावो में जुमे की नमाज अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी भारी पुलिस बल के साथ मस्जिदों के बाहर और बाजारों मे गश्त करते रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान के निर्देश पर कस्बे मे संपूर्ण साफ सफाई पानी की व्यवस्था तथा कस्बे की सभी मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था और चुना डलवाने की व्यवस्था की गई थी। कस्बे की जामा मस्जिद मेन गेट के बाहर मस्जिद में आने वाले नमाजियों के इस्तकबाल करने के लिए खड़े हुए थे।वो अपनी टीम के साथ मस्जिदों की साफ सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण करते रहे।

**छुटमलपुर।** रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे की नमाज के लिए क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी फतेहपुर गंदेवडा नानका खुजनावर मुजफ्फराबाद दतौली मुगल बेहडा संदल सिंह, हलवाना, सरदाहैडी चौबारा सहित सभी प्रमुख मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की।

नमाज से पहले खुतबे में उलेमाओं ने रमजान उल मुबारक के पवित्र महीने की अहमियत बताई और ज्यादा से ज्यादा इबादत करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने को तीन अशरों (10-10 दिनों के हिस्सों) में बांटा गया है। पहला अशरा अल्लाह की रहमतों का है, जहां रहमतें बरसती हैं। दूसरा अशरा मगफिरत (गुनाहों की माफी) का होता है। तीसरा अशरा दोजख (जहन्नुम) से छुटकारे और निजात का होता है। इसलिए मुसलमानों को अल्लाह से खुलकर मांगना चाहिए, अपने गुनाहों की तौबा करनी चाहिए और मुल्क के लिए अमन-चौन, प्यार-मोहब्बत की दुआएं करनी चाहिए। नमाज शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हुई।

भीड़ की अधिकता को देखते हुए फतेहपुर थाना प्रभारी विनय शर्मा पुलिस बल के साथ मस्जिदों के बाहर तैनात रहे। उन्होंने नमाज पढ़ने आए लोगों के वाहनों को सुचारू रूप से निकालने में मदद की और सड़क पर चलने वाले राहगीरों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जिससे पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।यह दृश्य क्षेत्र में रमजान की रौनक और धार्मिक उत्साह को दर्शाता है, जहां लोग इबादत में डूबकर अल्लाह की रहमत, मगफिरत और निजात की तलबगार हैं।

**गंगोह।** मुकद्दस रमजान के तीसरे जुमे की नमाज क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। पुलिस प्रशासनिक टीम लगातार गश्त करती नजर आई।

इस मुकद्दस माह में मुसलमान बड़े ही अदब-अहतराम के साथ नमाज रोजे में लगे हुए हैं। शुक्रवार को इस पवित्र माह के तीसरे जुमे की नमाज विभिन्न मसजिदों मे बड़े ही अकीदत के साथ पढ़ी गई। मदरसा अशरफ उल-उलूम मस्जिद, जामा मस्जिद, बहारली मस्जिद, पठानों वाली मस्जिद, पीठ बाजार, नूरी मस्जिद के अलावा लखनौती, सांगाठेड़ा व कुंडा की अनेक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। हजारों लोगों ने नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। सभी मस्जिद पर कड़ी सुरक्षा रही। नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई व्यवस्था करायी गई। पुलिस प्रशासनिक टीम लगातार गश्त करती नजर आई। पुलिस प्रशासन कहा कि प्रशासन के द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी लोग अपना सहयोग दे।




## भिड़ंत में चालक की मौत

**गंगोह।** गंगोह तीतरो रोड पर गांव झाड़वन के पास बीतीरात बोलेरो पिकअप व ट्रक की हुई आमने सामने की भिडंत में एक पिकअप चालक की मौके पर मौत हो गई।

गांव झाड़वन के पास बीतीरात बोलेरो पिकअप व ट्रक की हुई आमने सामने की भिडंत में पिअप चालक सद्दाम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पशु व्यापारी आसिफ व तारिक गंभीर घायल हो गए।

## शुगर के मरीज रोजों में रखें सावधानी: डा.कलीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर कलीम अहमद ने बताया कि रमजान के महीने मे डायबिटीज के मरीजो को खान-पान मे विशेष सावधानी करनी चाहिए।



शाम को रोजा अफ्तार के वक्त 1-2 खजूर, फल, पानी,बादाम, अखरोट, फ्रुट जूस, रोटी, सब्जी, अंडे, मछली, चिकन लेना चाहिए। ज्यादा तली-भुनी ,केक,पेस्टी, बिस्कुट, पकोडी, समोसे का सेवन नही करना चाहिए। सुबह सहरी के वक्त ओट्स, बीन्स, दूध,मल्टीग्रेन रोटी, सब्जी, दाल,ड्राई फ्रुट, चिकन का सेवन करना चाहिए। ज्यादा नमकी तथा मीठी चीजे नही खानी चाहिए। अफ्तार और सहरी के बीच मे 6-8 गिलास पानी पीना चाहिए। अपनी शुगर को भी नियमित रुप से चौक करते रहे। डायबिटीज की दवाई शाम को अफ्तार के वक्त ले, सहरी के वक्त दवाई ना ले ,क्योंकि पूरे दिन खाली पेट रहेगा, हाइपोग्लाईसिमिया (शुगर कम) होने का खतरा रहता है। रमजान के महीने मे डायबिटीज के मरीजो को नियमित रुप से अपनी जांच करानी चाहिए।







# अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची से न हो विलोपित: निखिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक निखिल गजराज द्वारा अर्हता तिथि के आधार पर गतिमान विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ एनआईसी सभागार में बैठक आयोजित की गई।



विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के लिए अन्य जनपदों के साथ इस जनपद हेतु विशेष रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। उपस्थित सभी दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाता है, परन्तु इस बार विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके अर्न्तगत आयोग की अपेक्षा है कि मतदाता सूची में सम्मिलित सभी मतदाताओं का गहनता से जांच कार्य हो जाए और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में दर्ज न रहे। इसके साथ ही फार्म-6 भरवाकर सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराये जाएं। उपस्थित प्रतिनिधियों को एस आई आर के बारे में आयोग की अपेक्षानुरूप विस्तृत जानकारी एवं आयोग के निर्देशों से विस्तार से अवगत कराया गया।

विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में आ रही कठिनाईयों के बारे में जानकारी चाही गई। भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि योग चुघ द्वारा अवगत कराया गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय समय पर राजनैतिक दलों के साथ बैठक कराकर सभी का फीड बैक लिया गया है।

बैठक में जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी चौ. अब्दुल वाहिद, जिलाध्यक्ष, अपना दल (एस) राजकुमार पंवार, प्रतिनिधि इंडियन नेशनल कॉग्रेस सुधांशु धनगर, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी संजय कुमार जैन, प्रतिनिधि समाजवादी पार्टी चौ. अब्दुल गफूर, जिला महासचिव, बहुजन समाज पार्टी सुनीष प्रधान, महानगर महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी योग चुघ, जिला सचिव कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इंडिया, राव दाऊद, अपर जिलाधिकारी-प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।












Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नीतीश का कदम

ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार की राजनीति में पहले से तय किसी योजना को अब अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हाल के घटनाक्रमों को देखकर यह चर्चा तेज हो गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने की तैयारी की जा रही है। इस घटनाक्रम की अहमियत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि नामांकन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पटना पहुंचना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया पूरी होती है तो बिहार की राजनीति में लगभग दो दशकों बाद सत्ता के शीर्ष पर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार ने कुछ ही महीने पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चार महीने से भी कम समय पहले उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि वे इस पद को छोड़ने के लिए तैयार हैं। 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास पर्याप्त बहुमत होने के कारण यह माना जा रहा है कि उनकी जीत लगभग निश्चित है। यदि ऐसा होता है तो मुख्यमंत्री के रूप में उनका करीब बीस वर्षों का लंबा राजनीतिक सफर समाप्त हो जाएगा। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि यह बदलाव होता है तो बिहार की सत्ता की कमान भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता को सौंपी जा सकती है। नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा के मजबूत प्रदर्शन ने ही नीतीश कुमार को दोबारा सत्ता में बने रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसी समय से राजनीतिक जानकार यह अनुमान लगाने लगे थे कि आगे चलकर मुख्यमंत्री पद को लेकर बदलाव हो सकता है, चाहे वह स्वेच्छा से हो या परिस्थितियों के कारण। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में बिहार एक ऐसा राज्य रहा है, जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। इस वजह से भी भाजपा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर चर्चा होती रही है। इसी बीच यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो अभी सक्रिय राजनीति में नए माने जाते हैं, उन्हें नई सरकार में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस तरह की चर्चाएं लगातार चल रही हैं। भाजपा की बढ़ती राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड अपनी पार्टी के जनाधार को बनाए रखने के लिए सत्ता में संत.ुलन बनाए रखना चाहेगी। संभव है कि जेडीयू उपमुख्यमंत्री पद अपने पास रखने की कोशिश करे ताकि संगठन और कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे।

## वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव



हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे, मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है, पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखां.कत किया है, वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है, भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं, शीत युद्ध के बाद के दौर में जो शांति लाभ (पीस डिविडेंड) की अवधारणा थी, वह अब समाप्त होती दिखाई दे रही है।

**-एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, नौसेना प्रमुख**

# निजी शिक्षण संस्थानों को समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी



**रोहित कौशिक**



**एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है।**

यह तकनीक का दौर है। तकनीक के इस दौर में कुछ नया और सबसे पहले करने की प्रतिस्पर्धा हो रही है। प्रतिस्पर्धा गलत नहीं है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है लेकिन जब प्रतिस्पर्धा में नवाचार को ग्लैमर का तड़का लगाने की कोशिश की जाए तो बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान गलगोटिया यूनिवर्सिटी की एक हरकत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इंडिया एआई एक्सपो में प्रदर्शित एक रोबोटिक डॉग को खुद का बताकर पेश किया जबकि वह चीन में निर्मित रोबोटिक डॉग है जो ऑनलाइन खरीदने के लिए भी उपलब्ध है। इस मुद्दे पर हंगामा मचने के बाद यूनिवर्सिटी ने सफाई देते हुए कहा कि इस रोबोटिक डॉग को चीन की एक रोबोटिक कंपनी से खरीदा गया था और इसे सिर्फ एक एजुकेशनल टूल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। कई बार प्राइवेट यूनिवर्सिटी या फिर अन्य प्राइवेट शिक्षण संस्थान श्रेय लेने के चक्कर में कई तरह के घपले कर देते हैं।

इस दौर में जितनी तेजी के साथ तकनीक बदल रही है, उसने छात्रों पर एक दबाव बना दिया है। छात्र या पेशेवर इंजीनियर अपना समय, धन और ऊर्जा लगाकर एक नई तकनीक सीखते है। यह तकनीक सीखकर वे काम करना शुरू ही करते हैं कि एक नई तकनीक आ जाती है। तेजी के साथ तकनीक का बदलना यह संकेत दे रहा है भविष्य में छात्रों और पेशेवर इंजीनियरों पर दबाव और ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि अब एआई के मुद्दे पर विभिन्न स्तरों पर विचार-विमर्श हो रहा है। एक सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि हर क्षेत्र में एआई के दखल से क्या रोजगार की संभावनाएं कम हो जाएंगी ? हालांकि कहा जा रहा है कि एआई जानने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में सरकार अपनी तरह से काम कर रही है। सरक.ारी विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी शिक्षण संस्थान अपनी कुछ सीमाओं के बावजूद एआई के क्षेत्र में प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं। भविष्य में एआई की मांग बढ़ने की संभावना देखते हुए निजी विश्वविद्यालय और अन्य निजी शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में अपनी संभावनाएं भी ढूंढ़ रहे हैं। निजी होने के कारण ऐसे शिक्षण संस्थान अपने आर्थिक पक्ष पर भी ध्यान देते हैं। जाहिर है कि ऐसे शिक्षण संस्थानों का ध्यान सिर्फ शिक्षा प्रदान करने पर ही नहीं होता है। उनका ध्यान मुनाफा कमाने पर भी होता है। कई बार मुनाफा कमाने के चक्कर में निजी शिक्षण संस्थान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भूल जाते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी भूलने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निजी शिक्षण संस्थानों का सारा ध्यान मुनाफा कमाने पर लग जाता है। मुनाफा कमाने के लिए वे कई बार अपने क्रियाकलापों में ग्लैमर का तड़का लगाते हैं। बाजार में टिकने की चाह और हड़बड़ी में अपनी झूठी प्रतिष्ठा बनाने की कोशिश इन निजी शिक्षण संस्थानों को दूसरी ही दिशा में मोड़ देती है। एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है। इस दौर में निजी विश्वविद्यालयों को झूठी प्रतिष्ठा छोड़कर अपनी सच्ची प्रतिष्ठा को बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। अगर ईमानदारी के साथ प्रयास किए जाएं तो निजी विश्वविद्यालय अपनी साख बचाने में कामयाब हो सकते हैं।

यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन यह प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है ? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ए संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके। निजी शिक्षण संस्थानों को भी अपने जिम्मेदारी समझनी होगी।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना चबाकर खाएंगे उतनी कैलोरी जलाएंगे

**सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा।**

जब कैलोरी बर्न करने की बात आती है तो लोगों का ध्यान सरपट सैर, साइकिल चलाना या ऐसे ही व्यायामों की ओर जाता है, चबाने का तो विचार तक नहीं आता। अब, एक नवीन अध्ययन बताता है कि दिन भर में हमारे द्वारा खर्च की जाने वाली कुल ऊर्जा में से लगभग 3 प्रतिशत ऊर्जा तो चबाने की क्रिया में खर्च होती है। कुछ सख्त या रेशेदार चीज चबाएं तो थोड़ी और अधिक ऊर्जा खर्च होगी। हालांकि यह ऊर्जा चलने या पाचन में खर्च होने वाली ऊर्जा से बहुत कम है, लेकिन अनुमान है कि इसकी भूमिका हमारे पूर्वजों के चेहरे को नया आकार देने में रही।

ऐसा माना जाता रहा है कि हमारे जबड़ों की साइज और दांतों का आकार चबाने को अधिक कुशल बनाने के लिए विक.सित हुआ था। जैसे-जैसे हमारे होमिनिड पूर्वज आसानी से चबाने वाले भोजन का सेवन करने लगे और भोजन को काटने-पीसने और पकाने लगे तो जबड़ों और दांतों का आकार भी छोटा होता गया। लेकिन यह जाने बिना कि हम दिनभर में चबाने में कितनी ऊर्जा खर्च करते हैं, यह बता पाना मुश्किल है कि क्या वाकई ऊर्जा की बचत ने इन परिवर्तनों में भूमिका निभाई थी। यह जानने के लिए मैनचेस्टर विश्वविद्यालय की जैविक मानव विज्ञानी एडम वैन केस्टरेन और उनके दल ने 21 प्रतिभागियों द्वारा खर्च की गई ऑक्सीजन और उत्पन्न कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा का मापन किया। इसके लिए प्रतिभागियों को एक हेलमेट जैसा यंत्र पहनाया गया था। फिर उन्हें 15 मिनट तक चबाने के लिए चुइंगम दी। यह चुइंगम स्वादहीन, गंधहीन और कैलोरी-रहित थी। ऐसा करना जरूरी था अन्यथा पाचन तंत्र सक्रिय होकर ऊर्जा की खपत करने लगता।चबाते समय प्रतिभागियों द्वारा प्रश्वासित वायु में कार्बन डाईऑक्साइड का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया। यह दर्शाता है कि चबाने पर शरीर ने अधिक कार्य किया। जब चुइंगम नर्म थी तब प्रतिभागियों का चयापचय औसतन 10 प्रतिशत बढ़ा। सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का



इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा। चबाने में मनुष्यों द्वारा खर्च होने वाली ऊर्जा गणना से अन्य होमिनिड्स के विकास के बारे में भी एक झलक मिल सकती है। मसलन 20 लाख से 40 लाख साल पूर्व रहने वाले ऑस्ट्रेलोपिथेकस के दांत आधुनिक मनुष्यों की तुलना में चार गुना बड़े थे और उनके जबड़े विशाल थे। वे चबाने में अधिक ऊर्जा लगाते होंगे। अन्य शोधकर्ता इस बात से सहमत नहीं है कि सिर्फ ऊर्जा की बचत ने जबड़ों और दांत के विकास का रुख बदला। इसमें अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अन्य कारकों की हो सकती है, जैसे ऐसे आकार के जबड़े विकसित होना जो दांतों के टूटने या घिसने की संभावना कम करते हों। प्रा तिक चयन में संभवतरू ऊर्जा दक्षता की तुलना में दांतों की सलामती को अधिक तरजीह मिली होगी, क्योंकि दांतों के बिना भोजन खाना मुश्किल है, और ऊर्जा मिलना भी।

**...स्रोत फीचर्स**

# न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध

**योगेश कुमार गोयल**






प्रतिवर्ष 8 मार्च को महिलाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने और उनके अधिकारों पर चर्चा करने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है। 8 मार्च 1975 से ही दुनियाभर में यह दिवस प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी प्रगति के विविध पहलुओं पर भी विमर्श किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए इस साल की थीम है 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए', जो महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने और लैंगिक समानता को तेजी से लागू करने पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र महिला के अनुसार दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों से लेकर गरीबी के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल महिलाओं को सशक्त बनाने वाले समाधानों से ही किया जा सकता है। महिलाओं में निवेश करके हम बदलाव ला सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समान दुनिया की दिशा में बदलाव को गति दे सकते हैं।

पिछले 50 वर्षों से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है लेकिन महिलाओं के प्रति अपराधों के दृष्टिकोण से देखें तो चिंता की बात यही है कि इतने वर्षों में भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। जब हम महिलाओं के साथ लगातार सामने आती अपराधों की घटनाओं को देखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। वर्तमान सदी को महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करने वाली सदी बनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस कह चुके हैं कि न्याय, समानता तथा मानवाधिकारों के लिए लड़ाई तब तक अधूरी है, जब तक महिलाओं के साथ लैंगिक भेदभाव जारी है। हालांकि महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं किन्तु दूसरी ओर यह भी कटु सत्य है कि महिला सुरक्षा के लाख दावों के बावजूद उनके साथ अत्याचार के मामलों में कमी नहीं आ रही है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। एक चौंकाने वाले अध्ययन में 78.4 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्होंने सार्वजनिक स्थल हिंसा झेली है। करीब 68 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्होंने सार्वजनिक परिवहन में सफर करते समय हिंसा का अनुभव किया और इनमें से 38.5 फीसदी महिलाएं ऐसी हिंसा चुपचाप सह गई क्योंकि उन्हें पता ही नहीं था कि उन्हें क्या करना है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को इसी से समझा जा सकता है कि महिला सुरक्षा के लिए बने तमाम कानूनों के बावजूद अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे महिला पुलिसकर्मियों तक से छेड़छाड़ और उन पर हमला करने से भी नहीं डरते।

समूची मानवता को शर्मसार करती महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़े करती हैं। बहुत से मामले ऐसे होते हैं, जिनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हो पाती और उनमें से अधिकांश मामले इसी का फायदा उठाकर दबा दिए जाते हैं तथा पीड़िताएं और उनके परिवार भय के साए में घुट-घुटकर जीने को विवश होते हैं। वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, तब लगने लगा था कि समाज में इससे संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे लेकिन यह सामा.जिक विडम्बना ही है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड के बाद भी हालात बदतर ही हुए हैं। ऐसी कोई भी वीभत्स घटना सामने आने के बाद हर बार एक ही सवाल खड़ा होता है कि आखिर भारतीय समाज में कब और कैसे मिलेगी महिलाओं को सुरक्षा? कब तक महिलाएं घर से बाहर कदम रखने के बाद इसी प्रकार भय के साए में जीने को विवश रहेंगी? चिंता की बात यह है कि महिला अपराधों के मामलों में साल दर साल स्थिति बदतर होती जा रही है और अपराधियों को सजा मिलने की दर बेहद कम है।

कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ढ़ीलेपन का ही नतीजा है कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराधियों के हौंसले बुलंद नजर आते हैं। अहम प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार

## IRGC ने दी अमेरिका-इजरायल को नए हथियारों की चेतावनी, कहा: मिलेगी दर्दनाक चोट

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ जंग का आज सातवां दिन है। इस बीच गुरुवार रात को ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी, जिसमें क्लस्टर बम लगे थे। इस बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह एक 'लंबी लड़ाई' के लिए पूरी तरह से तैयार है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कार्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही ऐसे उन्नत हथियार पेश करने वाला है, जिनका अभी तक जंग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है। आईआरजीसी के ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने एक बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को 'आने वाली हमलों की नई लहर में दर्दनाक प्रहारों' के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई पहलें और हथियार रास्ते में हैं। यह बयान ईरान की सैन्य तैयारी और भविष्य की रणनीतियों को दर्शा रहा है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये नई टेक्नोलाजी अभी तक बड़े



■ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की

पैमाने पर तैनात नहीं की गई हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान के पास ऐसे सैन्य संसाधन हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे में अब ईरान उनका इस्तेमाल संघर्ष में एक नया मोड़ लाने के लिए कर सकता है।

नैनी ने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए 12-दिवसीय युद्ध की तुलना में अब अधिक तैयार है। उन्होंने वर्तमान सैन्य टकराव को 'पवित्र और वैध युद्ध' बताया, जो ईरान के अपने बचाव के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसा. इलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है। ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर बम गिराए हैं। जिसका वीडियो सामने आया है। गुरुवार रात कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें क्लस्टर बम लगे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक बैलिस्टिक मिसाइलें जब जमीन की तरफ गिरती है तो उसका वारहेड ऊपर ही हवा में ही खुल जाता है और 20 से ज्यादा छोटे बम अलग-अलग होकर नीचे गिरते हैं। जिसको काबू करना आसान नहीं होता। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में पत्रकारों से बातचीतमें कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच तेजी से होनी चाहिए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।



**जम्मू-कश्मीर। बडगाम में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन के दौरान उनकी तस्वीरें लिए खड़ी महिलाएं।**

### अलगाववादी कुर्द समूहों ने ईरान में प्रवेश किया, तो सारे ठिकाने तबाह कर दिए जाएंगे: ईरान

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने इराक के कुर्द अलगाववादी समूह को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे तो कुर्दिस्तान में उनकी सभी सुविधाओं को निशाना बनाया जाएगा। रक्षा परिषद में ईरानी सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अली अकबर अहमदीन ने यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ईरान-इराक सीमा के पास पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित कुर्द और ईरानी अलगाववादी समूहों का उपयोग उसके खिलाफ जमीनी हमले के लिए करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दोहा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए वीजा, ट्रांजिट और और सऊदी अरब के बाहर यात्रा को लेकर जानकारी दी। दूतावास ने आज एक एडवाइजरी में बताया कि कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एक पंजीकरण लिंक खोला गया है। इस लिंक के जरिये उन्हें सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांजिट वीजा हासिल करने में मदद मिलेगी। दूतावास ने कहा कि यह सुविधा केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो इस समय कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे हुए हैं और जिनके पास सऊदी अरब से आगे यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट हैं।

### आर्थिक मुद्दों पर रूस-अमेरिका के बीच चर्चा: रयाबकोव

**मॉस्को।** रूस और अमेरिका आर्थिक मुद्दों पर गठित कार्य समूह के तहत संयुक्त फंड बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह बातचीत गोपनीय तरीके से चल रही है। रूस के उप विद. ेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने स्पुतनिक से बातचीत में कहा कि इस प्रारूप में हो रही बातचीत गोपनीय है और इसमें संयुक्त फंड बनाने तथा अन्य द्विपक्षीय परियोजनाओं को लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संवाद में अन्य बातों के साथ संयुक्त फंड स्थापित करने और विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के विकल्पों पर चर्चा हो रही है।

### रूस के सोची शहर में 4.5 तीव्रता का भूकंप कोई नुकसान नहीं

**सोची।** रूस में काला सागर के तट पर स्थित शहर सोची में शुक्रवार तड़के 4.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। शहर के मेयर आंद्रेई प्रोशुनिन ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह महसूस किए गए। उन्होंने अपने टेलीग्राम संदेश में कहा, षरिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आज सुबह सोची में आया।

### अनिता शुक्ला इक्वाडोर की राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अनिता शुक्ला को इक्वाडोर में भारत में का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है जबकि फिजी में उच्चायुक्त सुनीत मेहता को टोंगा के उच्चायुक्त का भी प्रभार दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुशुक्ला अभी मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और उनके शीघ्र ही इक्वाडोर में भारत के राजदूत का कार्यभार संभालने की संभावना है। वर्ष 2007 बैच के अधिकारी मेहता अभी फिजी में भारत के उच्चायुक्त हैं।

### ईरानी उप विदेश मंत्री डॉ. सईद ने दिखाया डोनाल्ड ट्रम्प को आईना

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर कर रहे दावा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप-विदेश मंत्री डा. सईद खतीब. जादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

दिल्ली में रायसीना डायलाग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ट्रम्प पर ईरान के नए सुप्रीम नेता को लेकर दिए बयान पर भी करार हमला बोला। डा. खतीब. जादेह ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। उप विदेश मंत्री डा. सईद खतीबजादेह ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं। ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अमे. रिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ यह आक्रामकता क्यों शुरू की, और कहा कि अमेरिकी प्रशासन से इस सवाल का जवाब अलग-अलग मिलेगा। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इजरायल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया। खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इजरायल दशकों से 'ग्रेटर इजरायल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।



■ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश: सईद

### कुवैत में ईरानी हमलों में अब तक 67 सैनिक घायल

**कुवैत सिटी।** ईरानी हमले में अब तक कुवैत में कुवैत सशस्त्र बल के 67 सैनिक घायल हो गए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने एक बयान में कहा कि घायल सैनिकों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। अल-अतवान ने कहा कि कुवैती सशस्त्र बल हाई अलर्ट पर हैं। सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों के साथ-साथ अन्य सरकारी संस्थानों के समन्वय में चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ए उपाय देश की सुरक्षा और नागरिकों एवं निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यापक राष्ट्रीय प्रणाली का हिस्सा हैं।

# ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने: ट्रम्प

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया में भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका और इजरायल ऐसे किसी उत्तराधिकारी को स्वीकार नहीं करेंगे जो दिवंगत नेता अली खामेनेई की नीतियों को जारी रखे। रिपोर्टों के अनुसार ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में नेतृत्व परिवर्तन भविष्य के अमेरिका-ईरान संबंधों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसे संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी है जिन्हें वह 'अच्छा नेता' मानते हैं। एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने दिवंगत अयातुल्ला खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में खारिज करते हुए कहा कि खामेनेई का बेटा हल्का नेता है। मुझे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सत्ता परिवर्तन के बाद डेल्सी रोड्रिगेज के नेतृत्व से अमेरिका को रणनीतिक लाभ मिला और वह ईरान में भी ऐसा ही परिणाम देखना चाहते हैं। ईरान में सर्वोच्च नेता के चयन की संवैधानिक प्रक्रिया धार्मिक विद्वानों की संस्था विशेषज्ञों की सभा के माध्यम से होती है। यह नए नेता की नियुक्ति करती है। इस बीच, ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता करने की उम्मीद में संपर्क किया है। सीएनएन ने बताया कि ईरानी इंटेलिजेंस अमे. रिका के साथ युद्ध खत्म करने पर बातचीत कर रही है, लेकिन अमे. रिकी अधिकारियों का कहना है कि कोई बातचीत नहीं चल रही है और निकट भविष्य में संभावित 'बाहर निकलने का रास्ता' बनने की उम्मीद कम है। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि युद्ध समाप्त करने के विकल्पों पर ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क की संभावना पर चर्चा हो रही है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने औपचारिक वार्ता से इनकार किया है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: सिलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी खामेनेई का बेटा मंजूर नही

### हूती समूह ने ईरान को समर्थन देने की घोषणा की

**साना।** यमन के हूती समूह के नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा है कि वे ईरान के साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हूती नियंत्रित 'अल-मसीरा' टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविजन भाषण में मलिक ने गुरुवार को कहा कि अगर घटनाक्रम की मांग हुई, तो किसी भी क्षण हमारी उंगलियां ट्रिगर पर होंगी। उन्होंने इसे केवल किसी एक पक्ष के संघर्ष के बजाय 'पूरे देश की लड़ाई' बताया है। हुती नेता ने कहा कि इजरायल और उसके तमाम साथियों का इरादा बिना किसी नियंत्रण, प्रतिबंध या प्रतिबद्धता के देश के स्वतंत्र लोगों के खिलाफ खुली जंग छेड़ना है। मलिक ने चेतावनी दी कि 'दुश्मन' ठिकानों की एक सूची तैयार कर रहा है और कुछ अरब देशों से वित्तीय सहायता मांग रहा है तथा हथियारों का जखीरा जमा कर रहा है। उन्होंने अपने समर्थकों से शुक्रवार को एक साथ आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील समय में एक महत्वपूर्ण संदेश होगा और इसका उद्देश्य ईरानी जनता के प्रति यमनी लोगों के पूर्ण समर्थन की पुष्टि करना है। इससे पहले गुरुवार को, यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने यमन को क्षेत्रीय टकरावों के एक नए चक्र में घसीटे जाने से बचाने के महत्व

## पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर दक्षिण कोरिया यूएई से 60 लाख बैरल तेल खरीदेगा

**सोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख कांग हून-सिक ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन में व्यवधान के मद्देनजर दक्षिण कोरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 60 लाख बैरल कच्चे तेल की आपातकालीन आपूर्ति करेगा।

कांग ने कहा कि स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की ओर से यूएई अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के दौरान इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। कांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की जिसमें 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति की पुष्टि हो गई। अधिकारी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है और कई टैंकर मार्ग की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

■ राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के आयातित तेल का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है इसलिए सरकार ने तेल एवं गैस संकट के खतरे का स्तर बढ़ाकर 1 यानि 'सतर्क' कर दिया है। कांग ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत दक्षिण कोरिया के दो टैंकर जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 20 लाख बैरल है बारी-बारी से यूएई के बंदरगाहों पर माल भरने के लिए रवाना होंगे और जलडमरूमध्य को बाईपास करेंगे। उन्होंने कहा कि यूएई की सरकारी तेल कंपनी बंदरगाह के भंडारण से लगभग 40 लाख बैरल तेल स्थानांतरित करेगी जिसके बाद जहाज दक्षिण कोरिया लौट आएंगे। इसके अलावा, अधिकारी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने दक्षिण कोरिया के संयुक्त रणनीतिक भंडारण से 20 लाख बैरल तेल देने का वादा किया है। इस प्रकार, 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति से ऊर्जा आपूर्ति एवं ईंधन बाजारों में स्थिरता आने की उम्मीद है, जो दो दिनों से अधिक की राष्ट्रीय खपत के बराबर है।

## देवदूत बनीं भारतीय नर्सें, संघर्ष के साये में निभा रहीं कर्तव्य

**कुवैत।** पश्चिम एशिया में ज्यादातर देशों में संघर्ष का साया छाया हुआ लेकिन ऐसे समय में भी भारतीय नर्सों की सेवा और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। इनका काम राजनीतिक या सैन्य तनाव के बावजूद हमेशा की तरह बदस्तूर जारी है। 1990 के दशक का कुवैत युद्ध हो, 2003 का इराक युद्ध, सीरिया या मिस्र के गृह युद्ध या पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संघर्ष, भारतीय नर्सें हमेशा देवदूत बनकर अपना कर्तव्य निभाती रही हैं।

इसकी मिसाल कुवैत शहर से करीब 32 किलोमीटर पश्चिम में इराक सीमा के पास भट्टी की तरह तप रहे अल जाहरा में दिख जाता है। इस जगह को धरती पर सबसे गर्म जगहों में एक माना जाता है और यहां का तापमान 53 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। केरल की एक नर्स जैसमीन थॉमस (बदला हुआ नाम) अपने भारतीय साथियों के साथ अल जाहरा के एक छोटे से क्लिनिक में आम दिनों की तरह काम कर रही थी। कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे। देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे। धमाकों की तीव्रता बढ़ने पर जैसमीन और उनके साथी भागकर अपने हास्टल में शरण लेते हैं। हास्टल में वे सब हालात के सामान्य होने का इंतजार करते रहे। कर्तव्य और अपनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की मशक्कत करते हुए जैसमीन और उनके साथी सोमवार को फिर से अपने काम पर लौट आएं लेकिन इस बार क्लिनिक में वे सब थे लेकिन मरीज नहीं। यह घटना भारतीय नर्सों के साहस, धैर्य और जिम्मेदारी को दिखाता है। ये ऐसी विशेषता है जो इस क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय नर्सों को अन्य लोगों से अलग पहचान दिलाती है। जैसमीन और ईरान में फंसी केरल की एक नर्स के अलावा ज्यादातर नर्सों ने कहा कि हम सुरक्षित हैं। संयुक्त अरब अमीरात में कार्यरत एक भारतीय स्वास्थ्यकर्मी ने कहा कि हमें बीच-बीच में चेतावनी सायरन सुनाई देते हैं लेकिन इसके अलावा अभी कोई खतरा महसूस नहीं हुआ है। अस्पताल सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। सरकार हमलों को रोक रही है। कुवैत में कार्यरत एक नर्स ने भी यही बात कही और कहा कि अभी भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता की कोई वजह नहीं है। कई लोगों के लिए, मैसेज एक जैसा है। सऊदी अरब में कार्यरत एक अन्य नर्स ने कहा कि हम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मीडिया के कुछ हिस्सों में जैसा दिखाया जा रहा है, उसके उलट। ड्रोन हमले हो रहे हैं, लेकिन देश अपना बचाव कर रहा है और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

■ कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे, देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे



### सैन्य संघर्ष अब आक्रामक और विनाशकारी चरण में

# ईरान पर हमले का सातवां दिन

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर छेड़े गए युद्ध के सातवें दिन हवाई हमले काफी तेज हो गए हैं। यह सैन्य संघर्ष अब एक ऐसे आक्रामक और विनाशकारी चरण में प्रवेश कर चुका है जहां सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक संपत्तियों को भी व्यापक स्तर पर निशाना बनाया जा रहा है।

आइए इस युद्ध के ताजा जमीनी हालात, आंकड़ों पर आधारित विश्लेषण, क्षेत्रीय प्रभाव और भविष्य के आउटलुक को सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं। ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों पर हवाई हमलों की एक नई और भयंकर लहर शुरू हो गई है। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास और आवासीय क्षेत्रों सहित कई स्थानों पर रात भर बड़े विस्फोट हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बमबारी पहले के दिनों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र रही है। इसके अलावा, शिराज, इस्फ़हान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी भारी विस्फोटों की सूचना मिली है। शिराज के जीबाशहर इलाके में हुए एक बड़े हमले में 20 लोगों की जान चली गई और 30 अन्य घायल हो गए। गठबंधन सेनाओं ने ईरान के शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए युद्ध के एक नए चरण की शुरुआत की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर के अनुसार, बी-2 स्टील्थ बाम्बर्स ने ईरान के भीतर गहराई में स्थित बैलिस्टिक मिसाइल लान्चर्स को नष्ट करने के लिए दर्जनों 2000 पाउंड के 'पेनिट्रेटर' बम गिराए हैं। अमेरिका ने ईरान की 'स्पेस कमांड' के समकक्ष ठिकानों पर भी सटीक हमला किया है ताकि उनकी क्षमता को कमजोर किया जा सके। इसके समानांतर, इजरायल की वायु सेना ने 6 ईरानी मिसाइल लान्चर्स और तीन उन्नत रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने का दावा किया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने संकेत दिया है कि बमबारी में भारी वृद्धि होने वाली है, जिसके तहत आगे 'अधिक फाइटर स्क्वाड्रन' और 'अधिक बाम्बर पल्स' का इस्तेमाल किया जाएगा। ईरान में मानवीय संकट के आंकड़े चिंताजनक हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट के अनुसार, अब तक मरने वालों की कुल संख्या 1332 के पार पहुँच गई है। सबसे दुखद यह है कि इनमें 181 बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 175 बच्चे युद्ध के पहले दिन मीनाब में एक लड़कियों के प्राथमिक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए थे।



■ अब तक 1332 मौतें, करीब 3643 सार्वजनिक संपत्तियां खाक

### विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में तेज उछाल से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 2.119 अरब डॉलर घटकर 723.608 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार में 4.141 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और सप्ताहांत पर यह 131.63 अरब डॉलर पर रहा जो चार सप्ताह का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 56.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी रही और यह 573.125 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिका डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 15.8 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 2.6 करोड़ डॉलर बढ़ा तथा क्रमश: 4.873 अरब डॉलर और 18.866 अरब डॉलर हो गया।

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108